राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 83
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 07 अक्टूबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 केजरीवाल तक पहुंचा कमीशन का पैसा, बिजली घोटाले का आरोप लगा भाजपा ने किया दावा
पेज 5 मऊ : भाजपा नेता की थाने में हुई जमकर धुनाई, लाइन हाजिर किये गए पुलिसकर्मी
पेज 7 शहबाज ने भी माना 'भीख का कटोरा लेकर घूम रहा पाकिस्तान, बाढ़ के लिए अमीर देश जिम्मेदार'

## बंगाल में दुर्गा विसर्जन के दौरान 8 लोगों की मौत

### जलपाईगुड़ी की मल नदी का जलस्तर बढ़ने से हादसा हुआ, 20-25 लोग लापता

सिलीगुड़ी। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान मल नदी में तेज बहाव के चलते 8 लोगों की डूबने से मौत हो गई।

जलपाईगुड़ी के स्कदेवर्षि दत्ता ने बताया कि अभी 20-25 लोग लापता हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच



गई है। राहत और बचाव कार्य जारी है। जानकारी के मुताबिक देर शाम लोग मल नदी में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन करने गए थे। इस दौरान नदी में तेज बहाव आ गया, मूर्ति विसर्जन के लिए पानी में घुसे कई लोग इसकी चपेट में आ गए। जानकारी मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई है। प्रशासन ने जेसीबी की मदद से लोगों को ढूंढने का काम शुरू कर दिया है।

#### 11 लोगों को रेस्क्यू किया गया

डीएम मौमिता गोदारा बसु का कहना है कि 8 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 4 महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं, करीब 40 लोग अभी भी एक आईलैंड में फंसे हुए हैं। एनडीआरएफ की टीम लोगों को बचाने में जुटी है। अब तक 50 लोगों को रेस्क्यू किया गया है।

## कफ-सिरप का स्वाद बढ़ाने में गई 66 बच्चों की जान

### गाम्बिया में मौतें; भारत में बने 4 कफ-सिरप पर अलर्ट, डब्ल्यूएचओ बोला- इनके 2 कंपाउंड जानलेवा

नई दिल्ली। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को भारत की फार्मास्युटिकल्स कंपनी के बनाए 4 कफ-सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ये प्रोडक्ट मानकों पर खरे नहीं हैं। ये सुरक्षित नहीं हैं, खासतौर से बच्चों में इनके इस्तेमाल से गंभीर समस्या या फिर मौत का खतरा है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि गाम्बिया में 66 बच्चों की मौत गुर्दों की हालत बेहद खराब हो जाने की वजह से हुई है। बहुत मुमकिन है कि इन सिरप के इस्तेमाल के चलते ही बच्चों की मौत हुई हो। ये प्रोडक्ट अभी सिर्फ गाम्बिया में पाए गए हैं।

डब्ल्यूएचओ ने रिपोर्ट में कहा कि कफ-सिरप में डायथेलेन ग्लाईको और इथिलेन ग्लाईकोल की इतनी मात्रा है कि वजह इंसानों के लिए जानलेवा हो सकते हैं। दरअसल, इन कंपाउंड की वजह से भारत में भी बच्चों समेत 33 की जान जा चुकी है, लेकिन इन कंपाउंड पर बैन नहीं लगाया गया है।

डब्ल्यूएचओ ने मेडिकल प्रोडक्ट अलर्ट जारी किया है। यह न केवल गाम्बिया जैसे देशों, बल्कि भारत के लिए भी बेहद गंभीर है। मामला बच्चों से जुड़ा है तो अलर्ट के मायने और व्यापक हो जाते हैं। कई सवाल हैं.. मसलन डब्ल्यूएचओ की डिटेल रिपोर्ट, वो भारतीय कंपनी जहां इनका प्रोडक्शन हुआ, क्या ये सिरप भारत में भी बिक रहे हैं, क्या वाकई खतरनाक हैं?

## मुझे मेरी पत्नी भी उतना नहीं डांटती, जितना एलजी साहब डांटते हैं

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर तंज कसते हुए कहा कि उनकी पत्नी भी उन्हें उतना नहीं डांटती, जितना उपराज्यपाल साहब डांटते हैं। श्री केजरीवाल ने अपने ट्वीट में सुझाव दिया कि श्री सक्सेना को थोड़ा शांत होना चाहिए और उन्हें अपने सुपर बॉस को भी थोड़ा चिल करना चाहिए। उन्होंने हिंदी में लिखे अपने ट्वीट में कहा, एलजी साहब रोज मुझे जितना डांटते हैं, मेरी पत्नी भी मुझे नहीं डांटती। उन्होंने कहा, पिछले छह महीनों में मेरी पत्नी ने मुझे उतने प्रेम पत्र नहीं लिखे, जितने एलजी साहब ने मुझे लिखे हैं। एलजी साहब थोड़ा शांत हो जाइए और अपने सुपर बॉस से भी कहिए, थोड़ा चिल कीजिए। उल्लेखनीय है कि श्री सक्सेना हाल ही में दिल्ली सरकार की बिजली सब्सिडी योजना की जांच के आदेश दिए थे। वहीं, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने श्री सक्सेना को लिखे एक पत्र में चुनी हुई सरकार के काम में अनुचित हस्तक्षेप का आरोप लगाया था। श्री सिसोदिया ने पत्र पोस्ट करते हुए ट्वीट किया, मैंने उनसे फिर से अनुरोध किया है कि वे फर्जी आरोपों में हमारी जांच करवाते रहें लेकिन इस मामले में असली घोटालों से मुंह न मोड़ें।

## देश में आठ राज्यों, तीन केन्द्र शासित प्रदेश में कोरोना के मामलों में हुई वृद्धि

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में आठ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेश में कोराना वायरस (कोविड-19) महामारी के मामलों में वृद्धि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 218.84 करोड़ टीके लगाए गए। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 2,529 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,46,04,463 तक पहुंच गयी है और इसी दौरान कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामले में



1036 की गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे अब ऐसे कुल मामलों की संख्या घटकर 32282 रह गयी है एवं सक्रिय दर 0.07 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में इस महामारी से 3,553 मरीज इस बीमारी से स्वस्थ हुए है इसी के साथ कोरोना से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,40,43,436 हो गयी है और इसी अवधि में कोरोना महामारी के संक्रमण से केवल चार मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 528745 हो गयी है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत तथा स्वस्थ दर 98.74 प्रतिशत है राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 संक्रमण के 21 मामले बढ़कर 380 हो गए हैं। इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 1976863 हो गयी। मृतकों की संख्या बढ़कर 26503 हो गयी है और इसी अवधि में केरल में कोरोना के 408 संक्रमित मामले घटने के बाद सक्रिय मामले घटकर 7743 रह गए हैं और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 6731196 हो गयी है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 28 करोड़ की 7 घड़ियां जब्त

### एक की ही कीमत 27 करोड़; मुंबई एयरपोर्ट पर 80 करोड़ की ड्रग्स बरामद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के दो बड़े एयरपोर्ट पर गुरुवार को 100 करोड़ रुपए से अधिक के अवैध माल की जब्ती हुई। इनमें दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कस्टम विभाग ने दुबई से आए तस्कर के पास से 7 घड़ियां बरामद कीं। इनकी कीमत 28 करोड़ है। इनमें से एक घड़ी जैकब एंड कंपनी की है। इसमें हीरे जड़े हैं। इसकी कीमत 27 करोड़ है। उधर, मुंबई एयरपोर्ट पर 16 किलो हेरोइन जब्त की गई। इसकी कीमत 80 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।




#### दुबई से डिलीवरी करने दिल्ली एयपोर्ट आया था तस्कर

आई जी आई एयरपोर्ट के कस्टम कमिश्नर जुबैर रियाज कामिली ने बताया कि बरामद की गई घड़ियों में एक रॉलेक्स कंपनी की है। एक ब्रेसलेट और आईफोन भी जब्त किया गया है। यात्री इस सामान की डिलीवरी करने दुबई से दिल्ली पहुंचा था। उसके पास से सामान से संबंधित किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले। इसलिए उसे अरेस्ट कर लिया गया है।

#### आरोपी का दुबई में महंगी घड़ियों का शोरूम

जुबैर रियाज ने बताया कि आरोपी का दुबई में महंगी घड़ियों का शोरूम है। यूएई के कई शहरों में शोरूम के ब्रांच भी हैं। कमिश्नर के मुताबिक आरोपी दिल्ली में एक हाई-प्रोफाइल क्लाइंट को डिलीवरी देने आया था। क्लाइंट गुजरात का रहने वाला है।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि क्लाइंट ने दिल्ली के एक फाइव स्टार होटल में उसे मिलने के लिए बुलाया था, लेकिन वह नहीं पहुंचा। आरोपी को जान का खतरा है, इसलिए उसने क्लाइंट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। कमिश्नर के मुताबिक यह तस्करी करीब 60 किलोग्राम सोने की स्मगलिंग के बराबर है।

#### ट्रॉली बैग के अंदर छिपाया था 80 करोड़ का ड्रग्स, भारत में पहुंचाने के लिए 80 हजार लिए थे

मुंबई एयरपोर्ट से एक तस्कर के पास से डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने 16 किलो ड्रग्स बरामद किया है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत करीब 80 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इसे विदेश से मुंबई लाया गया था और दिल्ली ले जाना था। ड्रग्स को भारत पहुंचाने के लिए आरोपी को एडवांस में 80 हजार रुपए मिले थे।

मुंबई DRI ने 1 अक्टूबर को वाशी के पास एक ट्रक से 198 किलो ड्रग्स और 9 किलो कोकीन बरामद किया था। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत करीब 1,476 करोड़ रुपए थी। तस्कर यह ड्रग्स और कोकीन संतरों से लदे ट्रक में छिपाकर ले जा रहे थे।

## केरल में दो बसों की टक्कर में नौ लोगों की मौत 40 घायल

### यह हादसा बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग 544 पर हुआ

पलक्कड। केरल के पलक्कड़ जिले के वडक्कनचेरी इलाके में सड़क हादसा हो गया। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस बस दुर्घटना में 9 की मौत हो गई। 38 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी समाचार एजेंसी एएनआइ ने राज्य मंत्री एमबी राजेश के हवाले से दी है।

#### टक्कर लगने के बाद दलदल में गिर गई बस

बुधवार की रात यहां वडक्कनचेरी के



पास मंगलम में स्कूली छात्रों को ले जा रही एक पर्यटक बस ने केएसआरटीसी की बस को पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर लगने के बाद बस दलदल में गिर गई। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। करीब 38 घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

#### हादसे में इन लोगों की गई जान

मरने वालों में स्कूल शिक्षक विष्णु वीके, छात्र अंजना अजित, इमैनुएल सीएस, दीया राजेश, क्रिस विंटरबॉर्न थॉमस, एल्ना जोस (छात्र), अनूप (22), रोहित राज (24) और दीपू हैं।

#### बुधवार देर रात हुआ हादसा

यह हादसा बुधवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग 544 र हुआ। टूरिस्ट बस एर्नाकुलम के बेसिलियोस विद्यानिकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों को लेकर ऊटी की ओर जा रही थी। KSRTC की सुपरफास्ट बस कोट्टाराक्कारा से कोयंबटूर जा रही थी। दोनों के टक्कर के चलते यह हादसा हुआ।

देर रात स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य चलाया गया।

इस दौरान तेज बारिश हो रही थी। घायलों को पलक्कड़ जिला अस्पताल, अलाथुर तालुक अस्पताल और त्रिशूर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

#### त्रिशूर के निजी अस्पताल में इन लोगों का चल रहा इलाज

त्रिशूर के निजी अस्पताल में हरिकृष्णन (22), अमेया (17), अनन्या (17), श्रद्धा (15), अनीजा (15), अमृता (15), तनुश्री (15), हिन जोसेफ (15), जानेमा (15), अरुण कुमार (38) ), ब्लेसन (18), और एल्सा (18) का इलाज चल रहा है।

## उत्तरकाशी : हिमस्खलन में फंसे पांच पर्वतारोहियों के शव बरामद

उत्तरकाशी/देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में समुद्र तल से लगभग 17000 फुट की ऊंचाई पर हिमस्खलन में फंसे पर्वतारोही प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों (ट्रेनर्स) में से पांच के शव गुरुवार को बरामद कर लिए गए। बरामद शवों में से दो की पहचान नेहरू पर्वतारोही संस्थान, उत्तरकाशी के महिला ट्रेनर्स के रूप में हुयी है। शेष प्रशिक्षणार्थीयों की पहचान नहीं हो पायी है। उक्त सभी शव एडवांस बैस केम्प के पास है। शेष अन्य 20 लापता प्रशिक्षणार्थी का रेस्क्यू टीमों द्वारा खोज-बचाव अभियान जारी है। वर्तमान में उक्त क्षेत्र में हल्की बर्फवारी हो रही है। अभी तक कुल नौ शव बरामद हुये है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एनआईएम के एडवांस कोर्स न.-172 के 34 पर्वतारोही प्रशिक्षुओं एवं सात प्रशिक्षकों का द्रोपदी के डण्डा - दो पर्वत में समिट/आरोहण के दौरान, वापस आते समय लगभग 17000 फीट की ऊँचाई के आस-पास हिस्खलन होने के कारण फंस गए। फंसे/लापता लोगों का एयरफोर्स, प्राइवेट हैलीकॉप्टर एवं भारत तिब्बत सीमा पुलिस , 11 जेकेएलआई, सेना, हर्षिल, राज्य आपदा मोचन बल , राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एवं एनआईएम के अन्य प्रशिक्षकों तथा सदस्यों के सहयोग से खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

## 53वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मीडिया की सुविधा के लिए काम शुरू

नयी दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत के 53वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का समाचार संकलन करने वाले मीडिया प्रतिनिधियों के लिए विशेष व्यवस्था की शुरुआत कर दी गयी है।

मंत्रालय के बयान में कहा गया है, आप एक मीडिया प्रतिनिधि हो सकते हैं, अगर आपने एक जनवरी, 2022 को 21 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या यहां तक कि एक डिजिटल / ऑनलाइन मीडिया संगठन से संबंधित हैं। अगर आप एक स्वतंत्र पत्रकार के रूप में अपना रास्ता खुद बना रहे हैं, तो भी आपका स्वागत है, बशर्ते आप उम्र की कसौटी पर खरे उतरें। आप माई.आईएफएफआईगोवा.ओआरजी/एक्सट्रानेट/मीडिया/ लिंक पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

मीडिया प्रतिनिधि पांच नवंबर, 2022 को रात 11:59:59 बजे (भारतीय मानक समय) तक अपना आवेदन ऑनलाइन जमा करा सकेंगे। 53वां आईएफएफआई पर्यटन की दृष्टि से विश्व प्रसिद्ध गोवा में 20-28 नवंबर तक चलेगा। इस महोत्सव में भारत और दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ समकालीन और क्लासिक फिल्मों का एक संग्रह पेश किया जाएगा। इस दौरान मीडिया के प्रतिनिधियों को सिनेमा जगत के भारतीय महाकुंभ में गोता लगाने के लिए देश-विदेश से आने वाले विश्व प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, तकनीशियनों, आलोचकों, शिक्षाविदों के साथ-साथ उत्साही फिल्म प्रेमियों को देखने और संवाद करने के अवसर प्राप्त होंगे।

## मैपमायइंडिया मैपल्स ने भारत में पहली बार पेश किया रामायण मानचित्र

नयी दिल्ली। उन्नत डिजिटल मानचित्रण क्षेत्र की भारत की अग्रणी कंपनी मैपमायइंडिया मैपल्स ने लोगों को भारत की विरासत से बेहतर ढंग से जुड़ने में मदद करने के लिए रामायण मानचित्र जारी किया है। मैपमाई इंडिया की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह विभिन्न आकारों में केनवास पर मुद्रित नक्शा कला के साथ हिंदी और अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया जा रहा है। इससे लोगों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की यात्रा से जुड़े स्थलों और क्षेत्रों का पता लगाने में मदद मिलेगी। इसमें श्रीरामचंद्र के जन्म से लेकर राम राज्य की स्थापना तक उनके यात्रा मार्ग का मानचित्र है। मैपमायइंडिया मैपल्स ने कहा है कि उसने यह पहल सभी को भारत की पिछली विरासत के साथ घनिष्ठ संबंध महसूस करने में मदद के लिए की है।

कंपनी के सह-संस्थापक, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राकेश वर्मा ने बयान में कहा, यह पहल उनके दिल से जुड़ी है। मेरे लिए मैपमाईइंडिया मैपल प्लेटफॉर्म और अत्याधुनिक तकनीक का लाभरामायण का मानचित्र बना आत्मबोध करने के सदृश्य है।




## मनरेगा को अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जाए : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अधिकारियों से महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने का आह्वान किया।

उन्होंने अधिकारियों से जनभागीदारी भावना के महत्व को भी रेखांकित किया और कहा कि यह दृष्टिकोण कुपोषण से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। श्री मोदी ने यहां सुषमा स्वराज भवन में आयोजित सहायक सचिव कार्यक्रम, 2022 के समापन सत्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2020 बैच के अधिकारियों को



संबोधित कर रहे थे। सहायक सचिवों द्वारा प्रधानमंत्री को पोषण अभियान और मत्स्यपालन सहित आठ योजनाओं पर प्रस्तुतियां दी गयीं।

प्रधानमंत्री ने आजदी के अमृत काल में विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने में अधिकारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अधिकारियों को लीक से हटकर सोचना और अपने प्रयासों में समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने अधिकारियों से कहा कि उनकी सरकार संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ एक टीम के रूप में कैसे काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से एक जिला एक उत्पाद और आकांक्षी जिला कार्यक्रम पर ध्यान देने को कहा।प्रधानमंत्री ने जन धन योजना की सफलता का उल्लेख करते हुए अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने का आह्वान किया कि गांवों के लोग डिजिटल अर्थव्यवस्था और भुगतान के यूपीआई माध्यम से जुड़ें हों।

### मौत का सिरप

### सोनीपत प्लांट से सैंपलिंग, बद्दी यूनिट में जांच; कंपनी के उत्पादन, बिक्री और एक्सपोर्ट पर रोक

## कफ सिरप से मौतों पर हरियाणा-हिमाचल में हड़कंप

चंडीगढ़। गाम्बिया में कफ सिरप से 66 बच्चों की मौत के बाद हरियाणा और हिमाचल में हड़कंप मचा हुआ है। शक के घेरे में आया कफ सिरप सप्लाई करने वाली कंपनी का एक प्लांट हरियाणा के सोनीपत में है। वहीं हिमाचल के बद्दी में भी कंपनी की एक यूनिट है। ड्ड।ह्व ने सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया। जिसके बाद केंद्र और राज्य की स्वास्थ्य टीमों ने सोनीपत में रेड की। जहां से कफ सिरप की सैंपलिंग की गई। बद्दी प्लांट में सिरप बनाने की जांच की गई।

हरियाणा के सेहत मंत्री अनिल विज ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और हरियाणा




खाद्य एवं औषधि प्रशासन के तहत ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया की एक टीम ने दवा कंपनी से सिरप के 5 सैंपल लिए हैं। इन्हें कोलकाता में केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है।

#### दस्तावेजों की हो रही जांच

छापे के दौरान मिले कंपनी के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। हरियाणा के एक वरिष्ठ सेहत अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच पिछले शनिवार से चल रही है। कंपनी एक छोटे पैमाने की इकाई है और संयुक्त निरीक्षण के दौरान और मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी आवश्यक नमूने और दस्तावेज एकत्र किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि उत्पाद और विक्रेताओं की सूची की कंपनी की रिपोर्ट सहित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच अभी प्रारंभिक चरण में है।

#### नया सिरप बनाने पर रोक, पुराना सील किया : ड्रग कंट्रोलर, हरियाणा

हरियाणा के ड्रग कंट्रोलर मनमोहन तनेजा ने बताया कि कुंडली स्थित कंपनी की यूनिट में छापा मारा गया है। कुछ सैंपल भी लिए गए हैं, जिनको जांच के लिए भेजा गया है। कंपनी में जो सिरप तैयार किया जा रहा था उसे बनाने से रोक दिया गया है। सैंपल की रिपोर्ट आने तक तैयार सिरप को भी सील किया गया है। इसकी जांच की जा रही है।

#### एक यूनिट हिमाचल के बद्दी में भी

संदिग्ध कफ सिरप वाली कंपनी मेडिन फार्मास्युटिकल लिमिटेड की एक यूनिट इंडस्ट्री एरिया बद्दी में भी चल रही है। हालांकि, इस यूनिट में इन कफ सिरप का उत्पादन फिलहाल नहीं हो रहा है। ड्रग कंट्रोलर के निर्देशों पर ड्रग विभाग बद्दी की एक टीम ने बद्दी स्थित कंपनी में निरीक्षण शुरू कर दिया है।

## शार्ट न्यूज

### नाले में गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत, पुलिस कर रही मामले की जांच

नई दिल्ली। दिल्ली के द्वारका में खुले नाले में गिरने से एक 60 साल की महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि महिला बुधवार की देर शाम नाले में गिर गई थी। नाले में गिरने की वजह से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला द्वारका के रिलायंस फ्रेश आउटलेट के पास नाले में गिर गई थी। महिला को अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पहुंचते-पहुंचते बुजुर्ग महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने 60 साल की महिला का नाम सुधा देवी बताया है। पुलिस डीसीपी ने बताया कि बुजुर्ग महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने द्वारका नॉर्थ पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दिल्ली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर ने पंखे से लटककर किया सुसाइड

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के एक सब-इंसपेक्टर (एसआई) ने पंजाबी बाग स्थित अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाबी बाग में पुलिस कॉलोनी में रहने वाले बेनी (58) बाहरी जिले में पदस्थ थे। पुलिस ने बताया कि उन्हें बुधवार रात करीब आठ बजकर 50 मिनट पर घटना की सूचना मिली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एसआई का शव उनके कमरे में पंखे से लटका मिला और उनके बाएं हाथ की कलाई पर किसी चीज से काटे जाने के निशान हैं। एसआई के परिवार वालों ने किसी तरह का कोई संदेह जाहिर नहीं किया है। अधिकारी ने बताया कि बेनी को हाल ही में एक पुरानी बीमारी व कुछ स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण एमजीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह तीन अक्टूबर तक चिकित्सकीय अवकाश पर थे। वह मंगलवार को अपनी ड्यूटी पर वापस लौटे थे। पुलिस ने बताया कि आगे की कार्यवाही के लिए शव को संजय गांधी अस्पताल के शवगृह में रखा गया है।

### तय दर से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहा सेल्समैन गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। सरकारी ठेके की दुकान पर तय दर से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहे एक सेल्समैन के खिलाफ आबकारी विभाग ने थाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी छिजारसी गांव में शराब के ठेके पर काम कर रहा सेल्समैन तय दर से ज्यादा पैसे लेकर शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने जांच की तो सेल्समैन 5 से 10 रूपये प्रति बोतल के हिसाब से लोगों से ज्यादा पैसे ले रहा था। इस मामले में आबकारी विभाग की तरफ से पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी सेल्समैन इंद्रपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

### खुद की कनपटी पर गोली मारकर किया सुसाइड

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में रहने वाले युवक ने बुधवार की शाम खुद की कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा कि गरीबी और तंगहाली से परेशान बेरोजगार युवक ने यह कदम उठाया। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुबारकपुर गांव में सुमित परिवार के साथ रहता था। सुमित कोई कामकाज नहीं करता था। परिवार के लोग उससे इस बात को लेकर परेशान रहते थे। वह अक्सर उससे नौकरी के लिए कहते रहते थे। परिजनों ने उसकी शादी कर दी थी ताकि वह कोई काम करे। उसके बाद भी सुमित में सुधार नहीं हुआ। परिवार के लोग तंगहाली की वजह से घर की बिजली कटने की भी नौबत आ गई थी। कुछ दिनों से परिजनों ने सुमित को अपना खर्च चलाने के लिए कह दिया था। इससे वह तनाव में था। बुधवार को उसने खुद को गोली मार ली। परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस चलाएगी इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियां

नोएडा। नोएडा पुलिस अब इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों का प्रयोग करेगी। ताकि पर्यावरण को नुकसान कम हो। पुलिस अपने पुराने 66 वाहनों को बदलकर इनकी जगह 60 इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को शामिल करेगी। इससे संबंधित एक प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। प्रस्ताव में पेट्रोलिंग के लिए इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की मांग की गई है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के निर्देशन में प्रदेश सरकार को इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के लिए प्रस्ताव भेजा है। सरकारी कार्यों और निकाय को लेकर चर्चा भी की है। अब पुलिस को प्रस्ताव पर मंजूरी का इंतजार है। नोएडा पुलिस के पास करीब 400 वाहन हैं। इनमें डायल 112 भी शामिल है।66 वाहनों की हालत बेकार हो गई है। जिनसे प्रदूषण काफी ज्यादा होता है। इन 66 वाहनों के बदले में कुल 60 इलेक्ट्रॉनिक वाहन मांगे हैं।

### आईफोन की जगह आ गया खराब मोबाइल

नोएडा। एक युवक को बेवसाइट से ऑनलाइन मोबाइल खरीदना महंगा पड़ गया। उसने आईफोन के 45 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। उसके पास पुराने मोबाइल की डिलीवरी कर दी गई। इस संबंध में पीड़ित ने एक्सप्रेसवे थाने में अज्ञात के खिलाफ शिकायत दी है। सेक्टर 168 निवासी मनोज शर्मा ने बताया कि कुछ समय पहले एक ई-कॉमर्स वेबसाइट से ऑनलाइन आईफोन खरीदा था। इसके लिए 45 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। उसके जब डिलीवरी आई तो उसमे पुराना खराब मोबाइल था, जबकि बॉक्स आईफोन का ही था। इसके बाद पीड़ित ने संबंधित कंपनी के कस्टमर केयर पर बात की, लेकिन यहां पर उन्हें कोई उचित प्रतिक्रिया नहीं मिली।

### फ्लाइट का टिकट बुक करने का झांसा देकर ठगा

नोएडा। ठगों ने एक युवक से फ्लाइट का ऑनलाइन टिकट बुक करने का झांसा देकर आठ हजार रुपये ठग लिये। सेक्टर-134 में रहने वाले राम अभिलाष सिंह ने बताया कि उन्होंने इंटरनेट से एक नंबर लेकर फ्लाइट का ऑनलाइन टिकट बुक कराया था। युवक ने ऑनलाइन आठ हजार का भुगतान किया था। आरोपियों ने भुगतान के लिए पीड़ित के पास एक क्यूआर कोड भेजा था। आरोप है कि ठगों ने पैसे लेने के बाद उनका टिकट नहीं दिया।

### नहर से अवैध बालू खनन के आरोप में 57 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नोएडा। दनकौर क्षेत्र में गंग नहर से बालू का अवैध खनन करने के आरोप में पुलिस ने 57 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दनकौर थाना के प्रभारी राधा रमन सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि गंग नहर में कुछ लोग काफी दिनों से अवैध रूप से बालू खनन कर रहे थे जिससे नहर में पानी का स्तर नीचे आ गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जांच की तो पता चला कि वहां कई लोग अवैध रूप से बालू खनन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखकर बालू खनन कर रहे लोग वहां मौके से भाग गए। थाना प्रभारी ने बताया कि कुल 52 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है जिनमें 32 लोगों को नामजद किया गया है तथा 25 अज्ञात लोग हैं।

### महिला ने कार चालक और उसकी पत्नी पर रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

ग्रेटर नोएडा। एक महिला ने अपने कार चालक और उसकी पत्नी के खिलाफ छेड़छाड़ करने, 36 लाख रुपए की रंगदारी मांगने सहित विभिन्न धाराओं सेक्टर 20 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर 19 में रहती है। महिला का कहना है कि उनके पास नेम सिंह नाम का व्यक्ति कार चालक के रूप में काम करता था। वह कुछ दिन पूर्व बिना बताए नौकरी छोड़कर चला गया। महिला एक दिन वह पार्क में घूम कर रही थी। तभी नेम सिंह अपने कुछ साथियों के साथ आया। वह महिला की वीडियो बनाने लगा। इस पर महिला दौड़कर अपने घर चली गई। नेम सिंह उसके घर के बाहर आकर खड़ा हो गया। आरोप है कि नेम सिंह और उसकी पत्नी प्रेमवती उन्हें धमकी दे रहे हैं कि वह उनकी वीडियो वायरल कर उन्हें बदनाम कर देंगे।

# विजय दशमी पर देशभर में दशानन की मची धूम

## लंकेश्वर विजय दशमी उपलक्ष्य मन्दिर से पैदल चल प्रतिमाएँ पहुँची युद्धभूमि, सियावर राजा रामचंद्र के जयकारों से श्रद्धालुओं ने किया उदघोष





- पालकी में सवार नरसिंह स्वरूप नारायण को भक्तों ने कराई नगर परिक्रमा
- प्रजा में सुख-शांति, धन-वैभव, यश-किर्ति सम्पन्नता हेतु की गई प्रार्थना
- शंख, शुद्ध पीतल कांसे से निर्मित घड़ियाल झांझर की ध्वनि से श्रदालुओं ने की पूजा-अर्चना
- नाँगल चौधरी नगर में नरसिंह पालकी के नीचे से गुजरे हजारों श्रदालु
- देशभर में श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया दशहरा
- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई राज्यों में दशानन किया गया दहन
- अधर्म पर धर्म की जीत में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगर में निकाली विजय शोभायात्रा
- थाना प्रभारी रामनाथ दशानन दहन कार्यक्रम में हुए शामिल
- कटला मंडी और कृष्णावती नदी जीण माता मन्दिर समीप रावण के फूंके पुतले
- बाल कलाकारों ने सीताराम - लक्ष्मण हनुमान की निभाई भूमिका

**कपिल शर्मा/गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। शहर में विजय दशमी के अवसर पर तीन विशाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। दशहरा दिवस बुधवार को विजय दशमी पर्व श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व पर लंकेश्वर रावण समेत मेघनाथ, कुंभकर्ण के पुतले जलाए गए। हरियाणा जिला महेंद्रगढ़ स्थित विधानसभा क्षेत्र नाँगल चौधरी में प्रत्येक वर्ष की भाँति भगवान नारायण स्वरूप नरसिंह मन्दिर में दशानन पुतला दहन से पूर्व करीब शाम सवा चार बजे नगर में भगवान की विजय शोभायात्रा निकाली गई। आचार्य पण्डित कुमुद किशोर शास्त्री ने गौरवशाली भारत से विशेष बातचीत में बताया कि, नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की विजय दशमी तिथि को भगवान नरसिंह जी के डोले स्वरूप विजय पालकी यात्रा निकाली गयी है। यह प्राचीन परंपरा ग्राम्य जीवन के आरंभिक आदिकाल निर्मित सैकड़ों वर्षों पूर्व से चली आ रही है।

हालाँकि, प्राचीन मन्दिर नरसिंह भगवान नारायण स्वरूप को दशहरा से पूर्व भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की जलझूलनी एकादशी को भी शोभायात्रा (डोले) निकाले जाते हैं। उस दौरान मन्दिर से पैदल सवार पालकी में नारायण प्रतिमाओं को गाँव के जलयुक्त जोहड़ समीप ले जाकर पूजा-अर्चना पश्चात पुनः मन्दिर प्रांगण में प्रवेश करवाया जाता है। दशहरा पर्व पर विशेष विजय शोभायात्रा (डोले) निकाले जाते हैं। इस दशमी दिवस पर रघुकुल श्रीरोमणी श्री रघुनाथ-जानकी का संरक्षण हेतु भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम सेना सहित सवारी करते हुए महासंग्राम उदेश्य से रणभूमि मध्य रावण का वध करने के लिए युद्धक्षेत्र में उतरते हैं।

असत्य पर सत्य की जीत एवं अधर्म पर धर्म की जीत को लेकर इस दिवस भगवान नरसिंह नारायण की प्रतिमाओं का मन्दिर से भव्य श्रंगार सहित पालकी द्वारा कांधो और कोहनी के बल सहारे से मन्दिर पुजारी और गाँव समाज के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा पालकी को नगर परिक्रमा करते हुए कृष्णावती नदी स्थित बिजानाथ मन्दिर समीप ले जाया जाता है। महासंग्राम में लंकापति रावण समेत असंख्य दैत्यों का वध कर वहां से पुनः श्रीराम जी की सवारी नगरवासियों द्वारा भगवान श्रीराम का विजय जय घोष करते हुए नरसिंह मन्दिर में प्रतिमा पालकी को लाया जाता है।

इस दशहरा त्यौंहार पर वार्ड 6 की पार्षद अनिता कुमारी मीणा प्रतिनिधि रमेश कुमार मीणा नगरवासियों द्वारा दशानन पुतला दहन किया गया है। जीण माता मन्दिर समीप बनाया गया करीब छह फीट से अधिक रावण का पुतला फूंका गया। इस कार्यक्रम में फूसा राम प्रजापति, अधिवक्ता दीपक आदि नगरवासी उपस्थित रहे।

आचार्य पण्डित कुमुद किशोर शास्त्री द्वारा मिली जानकारी में बताया गया कि कस्बे में हर वर्ष की भांति असत्य पर सत्य की जीत को लेकर दशानन का विशाल पुतला बनाया जाता था। लेकिन, गाँव समाज में आंशिक लौट/पोट होने और अप्रिय घटनाओं के चलते विशाल पुतला बनाने का कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। अब वार्ड अनुसार बच्चे अपने स्तर पर मनोरंजन और सनातन संस्कृति स्मरणीय बनाने हेतु छोटे पुतले स्वरूप दशानन बनाकर उन्हें जलाए जाते हैं। पण्डित कुमुद किशोर शास्त्री ने प्राचीन परंपरागत नरसिंह विजय शोभायात्रा ज़िक्र में कहा कि, इस कार्यक्रम में मन्दिर संचालक कृष्ण पुजारी समेत पण्डित भवानी शंकर जोशी, लोकेन्द्र, इंदर नंबरदार, सुनिल वत्स, प्रमोद वत्स, नवीन वत्स, मास्टर श्याम सुंदर वर्मा समेत शहर के गणमान्य स्वजन उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि, दशहरा कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र स्वमं सेवक द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम भी किया गया। जिसमें आरएसएस कार्यवाहक विवेक शर्मा सहित समूह के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहर के वार्ड संख्या 8 एवं 10 के समीप कटला मंडी परिसर बीएसएनएल टावर करीब भी बच्चों द्वारा दशानन पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के थाना प्रभारी रामनाथ मुख्य अतिथि स्वरूप शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि बतौर श्याम सुंदर अग्रवाल, सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी पंडित शिव शंकर शर्मा उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने करीब 6 फीट का दशानन पुतला बनाया जिसे राम की भूमिका का निर्वहन करते हुए विश्वास बंसल ने तीर कमान से दशानन को 6 बजकर 40 मिनट पर आग के हवाले किया।

दशहरा पर्व उपलक्ष्य वार्ड संख्या 8/10 के विद्यार्थियों द्वारा चंदा एकत्रित कर दशानन पुतला बनाने की कला का प्रयास बिते 5 वर्षों से लगातार देखते हुए स्थानीय वासियों द्वारा सराहनीय कार्य बताया गया।

इस विशेष पर्व विजय दशमी पर दशानन दहन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि स्वरूप शामिल हुए थाना प्रभारी रामनाथ द्वारा बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया।

उन्होंने नन्हें बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें पारितोषिक स्वरूप पाँच सौ रुपये नकद राशि प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में दशानन पुतला निर्माण विधि में विशेष श्रंगार सहयोग करते हुए आँगनवाड़ी केंद्र संचालिका पारुल वर्मा सहित बालिका रितिका, दीया, माहीं, मुस्कान, खुशबू, उज्वल, लड्डू विश्वास समेत अन्य करीबी बच्चों की उपस्थिति के साथ-साथ उनके अभिभावक की मौजूदगी सहित दर्शक दिर्घा में नितिन अग्रवाल, पुस्कर सोनी, किशन सोनी, नरेश वर्मा, अनुराग, यशु, गुन्नू, बंटी आदि स्वजन उपस्थित रहे।

## रोगी को स्वस्थ स्वास्थ्य सहित सौंदर्यता सुपुर्द कर रहा शिवम् हॉस्पिटल

- त्वचा संबंधित एवं शरीर में तमाम रोगों का सफल इलाज के लिए प्रतिबद्ध कुशल अनुभवी चिकित्सक
- महिलाओं के प्रजनन संबधित स्वास्थ्य रोगों के बेहतर इलाज़ के लिए मशहूर महिला रोग विशेषज्ञ उपलब्ध





**कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नजदीक शिवम् हॉस्पिटल द्वारा ग्राम्य नागरिकों को स्वस्थ स्वास्थ्य सहित सौंदर्यता प्रदान की जा रही है। एमबीबीएस एफएएम कॉस्मेटोलॉजिस्ट एवं ट्राइकोलॉजिस्ट डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि, शिवम् हॉस्पिटल को तीन वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस दौरान हॉस्पिटल ने रोगियों के सफल इलाज़ में कई बड़ी उपलब्धियों को हासिल किया है।

पंद्रह बेड की सुविधाओं के साथ हॉस्पिटल में सभी प्रमुख कैशलेश टीपीए सुविधाएँ उपलब्ध हैं। बिते तीन वर्षों से नाँगल चौधरी नगर सेवा में समर्पित शिवम् हॉस्पिटल द्वारा करीब चार हजार रोगियों के पंजीकरण में स्वास्थ्य संबंधित सामान्य एवं जटिल रोगों के निदान के साथ रोगी की त्वचा तन संबधित सुंदरता का विशेष उपचार किया जाता है।

शिवम् हॉस्पिटल की विशेषताओं का ज़िक्र करते हुए डॉ. दीपक शर्मा ने गौरवशाली भारत को जानकारी देते बताया कि, नाँगल चौधरी में एकमात्र 15 बेड सहित कैशलेस सुविधा से युक्त और मरीजों के सफल इलाज़ के लिए प्रतिबद्ध है।

हॉस्पिटल में महिला प्रसुति रोग, चर्म रोग, गुप्त रोग, कान, नाक व गला रोग, हड्डी व जोड़ रोग, श्वांस व सामान्य रोग और फेस पीआरपी, हेयर पीआरपी समेत हेयर ट्रांसप्लांट की सुविधाओं के साथ शरीर में बेवजह उत्पन्न हुए अनचाहे तिल्ल, मुस्स, आट्न का सफल ईलाज हॉस्पिटल में संभव है।

ग्राम्य नगर में असहाय जरूरतमंद लोगों के लिए शिवम् हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर निशुल्क चिकित्सकीय जाँच शिविर का आयोजन किया जाता है।

अब तक दो कैंप लगाए जा चुके हैं। इसमें श्वांस संबधित सामान्य रोग और आँख, कान, गला और बीपी शुगर जैसी तमाम रोगों की जाँच की जाती है। वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों का विशेष ध्यान रखते हुए हॉस्पिटल स्टॉफ़ द्वारा उन्हें दवाईयाँ वितरित की जाती है।

कुशल एवं अनुभवी चिकित्सकों का ज़िक्र करते हुए हॉस्पिटल चेयरपर्सन ने स्टॉफ़ संबधित जानकारी में बताया कि, चर्मरोग व गुप्त रोग से संबंधित सफल उपचार के लिए एमबीबीएस एफएएम कॉस्मेटोलॉजिस्ट एवं ट्राइकोलॉजिस्ट डॉ. दीपक शर्मा, स्त्री रोग और प्रसूति के लिए एमबीबीएस एफजीओ अपोलो हॉस्पिटल से विशेषज्ञ डॉ. श्रुति शर्मा, हड्डी व जोड़ रोग के लिए विशेषज्ञ, डी-ऑर्थो डॉ. राकेश लाम्बा, एमबीबीएस जनरल फिजिशियन डॉ. गोविन्द शर्मा, कान, नाक, गला रोग के लिए विशेषज्ञ एमएस ईएनटी डॉ. जगवीर यादव प्राइवेट ओपीडी देखते हैं।

## केजरीवाल तक पहुंचा कमीशन का पैसा, बिजली घोटाले का आरोप लगा भाजपा ने किया दावा

नई दिल्ली। एलजी वीके सेक्सेना की ओर से बिजली सब्सिडी मामले की जांच का आदेश दिए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बीजेपी ने घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा है कि कमीशन का पैसा दिल्ली के सीएम तक पहुंचा। भाजपा ने दिल्ली सरकार से कई सवाल किए हैं। बीजेपी ने कहा कि केजरीवाल डिस्कॉम कंपनियों को चोर कहते थे, लेकिन अब खुद चोरी कर रहे हैं।2016 में कैबिनेट ने हर साल ऑडिट कराने का फैसला किया था, लेकिन एक बार भी ऑडिट नहीं किया गया। दिल्ली की विपक्षी पार्टी ने कहा कि सीएम ने अपने खास आदमियों को बोर्ड में रखा, ताकि घोटाला कर सकें। घोटाले में सबसे अधिक भूमिका जैस्मीन शाह की है जो केजरीवाल के करीबी हैं। भाजपा प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कहा कि अरविंद केजरीवाल चीख-चीख के कहते थे कि दिल्ली में डिस्कॉम कंपनियों चोर हैं। हम इनको बदलेंगे। उन्होंने कहा, 2013 में केजरीवाल कहते थे कि हम इन कंपनियों को बदल देंगे, क्योंकि ये चोर हैं। लेकिन आज ऐसी क्या मजबूरी थी केजरीवाल आप इन कंपनियों से साठगांठ करके खुद चोरी कर रहे हैं। बीआरपीएल और बीआईपीएल में 51 फीसदी शेयर अनिल अंबानी का है और दिल्ली सरकार की 49 फीसदी हिस्सेदारी है। दिल्ली सरकार का 21250 करोड़ बकाया था इन दो कंपनियों पर। तीसरी कंपनी टाटा ने पूरा भुगतान कर दिया है। केजरीवाल ने बोर्ड में दिल्ली सरकार के प्रतिनिधियों को बदल दिया। रिटायर्ड अधिकारियों को हटाकर अपने खास लोगों को रखा ताकि घोटाला करने में आसानी हो। भाजपा ने कहा कि जैस्मीन शाह, एनडी गुप्ता, उमेश त्यागी और जैश देशवाल का नाम लेते हुए केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाए। जफर इस्लाम ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने एक बार भी ऑडिट नहीं कराया क्योंकि ऑडिट कराया गया होता तो सारी बातें सामने आ जातीं। दूध का दूध पानी का पानी हो जाता। बीजेपी प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कहा, केजरीवाल जी के लिए कुछ पंक्तियां मैं कहता हूं- अपनी सुविधाओं के लिए हर बार रंग बदल लेता हूं, वोट के लिए ईमान बदल लेता हूं।

## आप नेता विजय नायर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली सरकार के चर्चित शराब घोटाला मामले में आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं संचार प्रभारी विजय नायर को गुरुवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने अभियोजन पक्ष केंद्रीय जांच ब्यूरोकी ओर से दायर याचिका की सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा कि जांच के इस स्तर पर श्री नायर को अब पुलिस हिरासत में भेजे जाने की ज़रूरत नहीं है और 20 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का आदेश पारित कर दिया। सीबीआई ने दर्ज प्राथमिकी में कथित रूप से दिल्ली सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए बनायी गयी शराब नीति को तैयार और लागू करने में बहुत सी अनियमितताएं बरती जाने की बात कही। कई अज्ञात लोगों को विभिन्न स्थानों पर विभिन्न तरह की भूमिकाएं निभाने के लिए खड़ा किया गया और लाइसेंसधारकों को गलत तरीके से फायदे दिलाने के लिए काम किया गया। दिल्ली सरकार की शराब नीति को लेकर गिरफ्तार किये गये आप नेता विजय नायर को सीबीआई ने विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया और अदालत से उसकी न्यायिक हिरासत की मांग की।

## निर्माण स्थलों पर नियम उल्लंघन होने पर पांच लाख तक जुर्माना

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**



नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में आज से छह नवंबर तक एंटी डस्ट अभियान शुरू किया गया और निर्माण स्थलों पर नियम उल्लंघन होने पर 10 हजार से पांच लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा। राय ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 30 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की है जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। हमने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि एंटी डस्ट कैंपेन के लिए 586 टीमों का गठन किया है जिसमें 12 संबंधित विभागों की टीम शामिल है। इसमें डीपीसीसी की 33 टीम, राजस्व विभाग की 165 टीम, एमसीडी की 300 टीम डीएसआईआईडीसी की 20 टीम, दिल्ली जल बोर्ड की 14 टीम, डीडीए की 33 टीम, दिल्ली मेट्रो की 03 टीम, सीपीडब्लूडी की 06 टीम, पीडब्लूडी की 06 टीम, एनडीएमसी की 01 टीम, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड की 04 टीम और एनएचएआई की 01 टीम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह टीम लगातार निर्माण साइट्स का दौरा करेगी। यह सुनिश्चित करेगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशा निर्देशों का पालन हो। निर्माण साइट्स पर 14 सूत्रीय नियमों को लागू करना जरूरी है जिसके लिए एंटी डस्टअभियान शुरू किया गया है जो कि 06 नवंबर तक चलेगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा। उसपर कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने पर एनजीटी की गाइडलाइन के मुताबिक 10 हजार से 5 लाख का जुर्माना लगाया जाएगा। दोबारा उल्लंघन मिलने पर उससे अधिक रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा। अगर ज्यादा उलंघन होगा तो कंस्ट्रक्शन साइट को बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 500 वर्ग मीटर और उस से ऊपर के सभी निर्माण/विध्वंस वाले प्रोजेक्ट सीएंडडी पोर्टल पर पंजीकृत होना जरुरी है। बिना पंजीकरण के कार्य करने की अनुमति नहीं मिलेगी। साथ ही साथ पीयूसी चेकिंग और वाटर स्प्रिंक्लिंग के अभियान की मॉनिटरिंग को तरीके से दिल्ली में लागू किया गया है। उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील की है कि कहीं भी अगर उनको निर्माण/विध्वंस कार्य में अनियमितता दिखे तो वे ग्रीन दिल्ली ऐप पर इसकी शिकायत करें।

## लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में ओपीडी में पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड

**विवेक राय/गौरवशाली भारत**

नयी दिल्ली। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत नयी दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल में ओपीडी में पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड व्यवस्था लागू कर दी गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि क्यूआर कोड व्यवस्था पुराने और नए रोगियों के पंजीकरण के लिए लागू होगी। इससे रोगियों को ओपीडी पंजीकरण में कम से कम समय लगेगा और लंबी कतारों से बचा जा सकेगा। मंत्रालय ने कहा है कि इस व्यवस्था को जल्द ही अन्य स्वास्थ्य संस्थानों और विभागों में लागू करने की योजना है। मरीजों को समय और प्रयास बचाने में मदद करने के लिए इन सेवाओं को अब अस्पतालों, क्लीनिकों, नैदानिक प्रयोगशालाओं आदि जैसी अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं तक बढ़ाया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आरएस शर्मा ने कहा कि एबीडीएम के तहत प्रक्रियाओं को सरल बनाने और स्वास्थ्य सेवा को अधिक कुशल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है।

रोगियों की सहायता के लिए इस सेवा का उपयोग करने के चरणों और लाभों को समझने में मदद करने के लिए सहायक कर्मियों को भी तैनात किया गया है।

## सुरक्षाकर्मियों ने जोमेटो डिलीवरी ब्वॉय को पीटा

नोएडा। सोशल मीडिया पर डिलीवरी ब्वॉय को चार सुरक्षाकर्मी मिलकर पीटते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो सेक्टर-62 फोर्टिस अस्पताल के पास गेल अपार्टमेंट का बताया जा रहा है। घटना रात आठ बजे के बाद की है। लोग वीडियो को अलग अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डालकर सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सेक्टर-62 गेल अपार्टमेंट के एक निवासी ने ऑनलाइन खाना मंगाया था।

## अगले दो-तीन दिन में बढ़ेगा ठंड का अहसास, सामान्य से तीन डिग्री कम रहा तापमान

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अगले दो-तीन दिनों में ठंड का अहसास बढ़ेगा। गुरुवार को भी दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार की सुबह से ही हल्के बादलों की आवाजाही बनी रही। दिन चढ़ने के साथ धूप खिल आई। लेकिन, दिन के ज्यादातर हिस्से में बादलों की आवाजाही होती रही।

इस दौरान हवा की दिशा दक्षिणी पूर्वी या पूर्वी दक्षिणी पूर्वी बनी रही। यह हवा अपने साथ नमी और ठंड लेकर आ रही है।

इसके चलते दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केन्द्र में दिन का अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि सामान्य से तीन डिग्री कम है। जबकि, न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 87 से 68 फीसदी तक रहा।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन-चार दिनों के बीच बादलों की आवाजाही लगातार बनी रहेगी और इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। जबकि, हवा की दिशा मुख्यतः पूर्व की तरफ से रहेगी।

# संपादकीय

## भाजपा के गुजरात मॉडल में गौमाता चराई की जमीन के लिए तरस रही है

इसे एक तरह से विडंबना कहें या एकतरफा नीतियों का नतीजा, भारतीय जनता पार्टी अपने बेशकीमती राज्य गुजरात में गौमाता के इर्द–गिर्द बुने गए जाल में फंस गई है. लाजमी है, गौमाता बीजेपी के लिए राष्ट्रवाद का प्रतीक है. दिसंबर में गुजरात में चुनाव होने हैं, और भूपेंद्र पटेल सरकार को मालधारियों यानी पशुपालकों के जबरदस्त विरोध के बाद आवारा गायों के उत्पात को रोकने वाला बिल वापस लेना पड़ा. वरना उसे मालधारियों का वोट बैंक गंवाना पड़ता. दरअसल गुजरात हाई कोर्ट ने सड़कों पर आवारा गायों की बढ़ती संख्या के चलते राज्य सरकार को फटकार लगाई थी. इसके बाद राज्य सरकार ने एक कानून पास किया था ताकि सड़कों पर गायों के उत्पात को काबू में किया जा सके और उन पशुपालकों को सजा दी जा सके, जो दुधारू न रहने वाली गायों को सड़कों पर छोड़ देते हैं. लेकिन इस प्रस्तावित कानून– गुजरात शहरी क्षेत्रों में मवेशी नियंत्रण (पालन और आवाजाही) बिल, 2022 को 21 सितंबर को वापस ले लिया गया. इसे बजट सत्र के आखिरी दिन 31 मार्च को बहुमत से पास किया गया था और दो दिन के मानसून सत्र में इसे सर्वसम्मति से वापस ले लिया गया. अलबत्ता, इस कानून के पास होने के कुछ दिनों के भीतर मालधारियों को भरोसा दिलाया गया था कि इसे लागू नहीं किया जाएगा. चूंकि मालधारियों ने बीजेपी को धमकी दी थी कि वे चुनावों के दौरान उसका बहिष्कार करेंगे. यह समुदाय उत्तरी गुजरात, सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्रों की कई सीटों पर संतुलन बिगाड़ सकता है. गुजरात में शहरीकरण बहुत तेजी से हो रहा है. यहां नगर निगम के दर्जे वाले आठ बड़े शहरों और 162 कस्बों में पिछले 10 महीनों के दौरान आवारा मवेशियों के हमलों के 4,860 मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 28 लोगों ने अपनी जान गंवाई है. लेकिन इन मामलों को गंभीरता से नहीं देखा गया.

### बजट में आबंटन, पर सिर्फ कागजों पर

लेकिन ठहरिए, गोरक्षा आंदोलन अभी थमने का नाम नहीं ले रहा. इसी साल, यानी 2022–23 के बजट में गुजरात सरकार ने 450 पंजीकृत गौशालाओं के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया. ताकि आवारा गायों की देखरेख के अलावा गौशालाओं में उन गायों की भी देखभाल हो सके, जिन्हें विजिलांटी ग्रुप्स कथित रूप से 'रेस्क्यू' करके लाते हैं– वरना वे बूचड़खानों की भेंट चढ़ जाएंगी. इस योजना के तहत गौशाला की हर गाय के लिए हर दिन 30 रुपए दिए जाने थे. लेकिन पैसा मिला नहीं, और मालधारियों के बाद अब गौशालाएं बीजेपी सरकार से दो–दो हाथ करने को तैयार हैं. गौशालाएं न सिर्फ बजट आवंटन का असल संवितरण चाहती हैं बल्कि यह भी चाहती हैं कि यह केवल इस साल का एकमुश्त प्रावधान न हो. उत्तरी गुजरात की एक गौशाला से जुड़े और गौशालाओं के 10,000 प्रतिनिधि ट्रस्टियों के प्रवक्ता किशोर शास्त्री बताते हैं कि 450 गौशालाओं में से हरेक में 500 से 2,000 गाय रहती हैं. ये तो पंजीकृत गौशालाएं हैं, बाकी कुल मिलाकर 1,700 के करीब गौशालाएं होंगी. इनमें लोग व्यक्तिगत तौर पर, या छोटे समूहों में गायों को रखते हैं जिनकी संख्या 10 से 20 के करीब होती है. बनासकांठा जिले में दीसा–राजपुर गौशाला, जिससे शास्त्री जुड़े हुए हैं, में 8,900 गायें हैं. गुजरात में पंजीकृत 450 गौशालाओं में से 180 इसी जिले में हैं. इस जिले में पिछले हफ्ते विरोध की लहर बहुत तेज थी. यहां की सभी गौशालाओं ने अपनी गायों को सड़कों और सरकारी परिसरों में खुला छोड़ दिया. इसके अलावा उन्होंने जिला और ताल्लुका मुख्यालयों के सरकारी दफ्तरों में गोमूत्र और गोबर फैलाने का फैसला भी किया है. गौशालाओं को हर रोज हर गाय पर मिलने वाली 8 रुपए की छोटी सी सबसिडी को भी रोक दिया गया था.

## नारियों के दमन से सिसकता समाज

देश में शहरों और गांवों में नारियों पर हो रहे अत्याचारों की खबरें मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख देती है। आसपास और पास पास इतनी दिल दहला देने वाली घटनाएं प्रकाश में आती हैं की मानवता केवल आंसू बहा कर रह जाती है। क्या इतना बड़ा सशक्त पुरुषों का समाज इसे रोकने में सक्षम नहीं है। देश में यह प्रश्न यक्ष प्रश्न की तरह हम सबके सामने खड़ा है। भारत में गरीब तबके में महिलाओं की स्थिति अभी भी दयनीय है मजदूरी करने से लेकर घरों में झाड़ू पोछा बर्तन मांजने तक औरत अपनी आजीविका चलाने के लिए मजबूर है। नारी उत्पीड़न की शुरुआत यहीं से होती है ।भारत में नारी अभी भी बहुत उपेक्षित प्रताड़ित तथा उत्पीड़ित है। हजारों उत्पीड़न तथा प्रताड़ना की घटनाएं प्रकाश में ही नहीं आ पाती हैं, और हम नारी दिवस पर जोर जोर से नारी उत्थान की दलीलें देते फिरते हैं। यह अत्यंत पीड़ा दायक तथा विचारणीय है ।स्त्री जागरण के परिपेक्ष में भारत में नई स्त्री की संकल्पना उभरती है। भारत की स्त्री जागरण स्थितियों में पश्चिम नारीवाद का सर्वाधिक प्रभाव दिखाई देता है, इसमें बुनियादी नारी अधिकारों के जरिए सशक्तिकरण की बात की गई है। भारत में नारी उत्थान और समानता का संकल्प एवं विमर्श मूलत: मध्यम वर्गीय, शहरी और अभिजात्य इसमें स्त्रियों के बुनियादी अधिकार शिक्षा रोजगार आर्थिक स्वतंत्रता की बात का जोर शोर से जिक्र किया गया है। गांव की स्त्रियों पर घरेलू हिंसा तथा कस्बाई स्त्रियों के शोषण की समस्याएं लगभग हाशिए पर हैं। इसके अलावा भारत की परंपरागत विशेषताएं हैं जो भारतीय जनमानस में इस तरह घुली मिली हैं कि यकायक दलित स्त्री को सबला या सर्व शक्तिमान मानना पुरुष समाज को स्वीकार्य नहीं होगा। भारतीय स्त्री पति को परमेश्वर एवं मातृत्व के दायित्व को निभाने वाली एक अबला स्त्री ही है। पिता, भाई तथा पति के संरक्षण में पलने, बढ़ने के बाद उनके अधिकारों से परे जाने में अभी भी सक्षम नहीं हुई है। जबकि यूरोपीय देशों का नारीवाद एवं नारी सशक्तिकरण एक अलग दृष्टि तथा नई दिशा को दर्शाता है। भारत की नारी अपनी 卐स्त्री卐होने के दायित्व को यकायक ठुकरा कर उसकी बेड़ियों से बाहर नहीं निकल सकती। भारतीय समाज अभी भी स्त्रियों को मान्य रुप से बराबरी का दर्जा नहीं दे पाया है। वह अभी भी स्त्री को अबला एवं विज्ञापन का एक अच्छा जरिया मानता है, स्त्रियों को आज भी पुरुष विहीन समाज किसी भी तरह ग्राह्य एवं मान्य नहीं है। भारतीय संदर्भ में नई स्त्री की कल्पना वास्तव में महिलाओं के लिए एक मिथक तथा मृग मरीचिका के रूप में है। स्त्री उत्थान विमर्श के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक होगा की हर समाज की अपनी वैचारिक विशेषता, संस्कृति एवं सीमाएं होती हैं। नारी सशक्तिकरण की जितनी भी अवधारणाएं और नियम कानून बने हैं, वह सब पश्चिम से अनुसरण करके बनाए गए हैं, ऐसे में भारतीय दलित स्त्री की वैचारिकी क्या हो सकती है, इसकी संकल्पना भारतीय नारी ही कर सकती है। भारत की नई स्त्री वह होगी जो अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो, एवं स्वतंत्रत विचारों के अधिकार से अच्छी तरह वाकिफ एवं जानकार हो। कस्बाई तथा झोपड़पट्टी में रहने वाली स्त्रियों को जहां भारत में शिक्षा का अभाव है, ऐसे में उनके लिए जागरूकता लाना अभी भी एक टेढ़ी खीर तथा एक बड़े अभियान चलाने जैसी बात होगी। भारत में जहां 35त्न स्त्रियां साक्षर नहीं है, ऐसे में नई स्त्री की परिकल्पना केवल पश्चिमी देशों में ही की जा सकती है। भारत में स्वतंत्रता संग्राम से स्त्रियों की सहभागिता रही है, उसके उपरांत पंचायती चुनाव में महिला आरक्षण, संरक्षण,शिक्षा तथा रोजगार में बढ़ती सहभागिता नौकरी पेशा स्त्रियों का मातृत्व सुविधा कार्य के लिए समान वेतन का संघर्ष भारत में स्त्री बेचारी की मानसिकता को सशक्त करते हैं। भारत में नारी सशक्तिकरण एवं नारी समानता के उदाहरण चिकित्सा, तकनीकी, विधि विधाई, शिक्षा जगत, सेना तथा सरकारी नौकरी में दिखाई तो देते हैं, पर यह स्त्रियों की संख्या उनकी जनसंख्या के अनुपात में अत्यंत ही न्यून है। भारत में स्त्री समानता के लिए भारतीय समाज, सरकार, राजनेताओं, चिंतकों को पश्चिमी देशों का अंधानुकरण न कर भारत की भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, तथा धार्मिक पृष्ठभूमि को देखकर उसके अनुरूप स्त्रियों के विकास तथा सशक्तिकरण एवं समानता के लिए सशक्त योजनाएं बनाकर उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी है।

# हिजाब समर्थक सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई जीत भी जाएं तो भी हारेंगे

**शेखर गुप्ता**

सुप्रीम कोर्ट जल्द ही कथित मुस्लिम हिजाब के मसले पर अपना फैसला सुना देगा. इसमें शायद दो सप्ताह से ज्यादा नहीं लगेगा, क्योंकि इस मसले की सुनवाई कर रही बेंच के वरिष्ठ जज जस्टिस हेमंत गुप्ता 16 अक्टूबर को रिटायर होने वाले हैं. फैसल क्या होगा इस पर हम कोई कयास नहीं लगा सकते हैं, लेकिन हम यहां बताने की कोशिश करूंगा कि फैसला जो भी हो, हार याचिकाकर्ताओं की ही होगी.

आप सवाल करेंगे कि ऐसा कैसे हो सकता है? अगर अदालत ने उनकी याचिकाएं (वे कई हैं) खारिज कर दीं तो वे कानूनी लड़ाई तो हार ही जाएंगे. यह ठीक है, लेकिन अगर अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुना दिया तो? तब उनकी हार मानी जाएगी?

इसका जवाब यह है कि उनकी हार इसलिए मानी जाएगी कि वे इस गणतंत्र की सर्वोच्च अदालत से उस प्रथा पर मंजूरी की मुहर लगवाने में सफल हो जाएंगे, जो निश्चित तौर पर रूढ़िपंथी है. हम सोच–समझकर प्रतिगामी शब्द का प्रयोग नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह निर्णायक है, जबकि रूढ़िपंथी शब्द वास्तविकता बयान करता है. अदालत इस प्रथा को मंजूरी भी देती है तो भी इसे एक रूढ़िपंथी प्रथा माना जाएगा.


अगर सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाइकोर्ट के फैसले को उलट दिया और यह फैसला सुना दिया कि यह एक जरूरी धार्मिक प्रथा है, तब तो यह दोहरी हार होगी. यहां तक कि कई मुस्लिम महिलाओं के लिए कोई रास्ता नहीं बचेगा क्योंकि वे अपने परिवार के दबाव में रहती हैं. यह उनके लिए विकल्पों का दायरा बढ़ाने की जगह सिकोड़ देगा. अगर इस तरह का फैसला आता है तो यह ईरान के अयातुल्लाओं के लिए भी खुदा की नेमत साबित होगा. वे कहेंगे कि देखो, एक धर्मनिरपेक्ष गणतंत्र की सबसे ऊंची अदालत भी कह रही है कि किसी भी दौर के लिए हिजाब पहनना एक जरूरी मजहबी रवायत है. तो हमारी इस्लामी रिपब्लिक इस पर कोई उंगली कैसे उठा सकता है? यह तो एक इंकलाबी फैसला है.

यह सवाल बिलकुल शब्दों का खेल है कि जब ईरान में महिलाएं अपनी आज़ादी के लिए अपनी जान तक कुर्बान करने के लिए तैयार हैं तब भारत में आधुनिक और समझदार माने जाने वाले लोगों में हिजाब के लिए इतना समर्थन क्यों है. भारत में हिजाब के पक्ष में तर्क अपना मतलब साधने वाला ही है और यह खुद को ही खारिज करता है. इसकी वजह यह है कि ईरान में महिलाएं हिजाब न पहनने के अपने अधिकार के लिए संघर्ष कर रही हैं. उन्हें अपनी खुशी से हिजाब पहनने वाली महिलाओं से कोई परेशानी नहीं है. भारत में यह संघर्ष काफी सीमित है.

मुद्दा यह नहीं है कि मुस्लिम महिलाएं हिजाब पहन सकती हैं या नहीं. बेशक जो चाहे इसे पहन सकती हैं. आज हमारी बहस इस बात को लेकर है, और सुप्रीम कोर्ट के सामने मसला यह है कि स्कूल जाने वाली गैर–बालिग लड़कियों को यह पहनने का अधिकार है या नहीं. कर्नाटक में मुद्दा यह है कि किशोरवय की मुस्लिम लड़कियां अपने स्कूल की पोशाक के ऊपर हिजाब पहनकर स्कूल जा सकती हैं या नहीं.

मुमकिन है कि इस मुद्दे को लेकर जनमत में उलझन इसलिए है कि इससे जुड़ी संस्थाओं को 'कॉलेज' कहा जा रहा है. लेकिन ये जूनियर कॉलेज या सीनियर स्कूल हैं जिनमें 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी पढ़ते हैं. इनमें शायद ही कोई विद्यार्थी बालिग मिलेगा. भारत में बच्चे प्राय: 17 साल की उम्र तक 12वीं पास कर लेते हैं. यह बात इस मुद्दे को समझने में मददगार हो सकती है.

किसी भी लोकतंत्र में ऐसा कोई दौर नहीं होता जब मतभेद और



ध्रुवीकरण न होता हो. लेकिन आज हम जिस कदर बंटे हुए हैं इतने ध्रुवीकृत इतिहास में कभी नहीं थे. यह एक निर्विवाद तथ्य है वरना इस स्थिति से हम क्या निष्कर्ष निकालें कि कोई एक पार्टी लगभग पूरी तरह, एक आस्था से जुड़े वोटरों के वोट से लगातार दो बार सत्ता हासिल करती है? 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के टिकट पर 585 उम्मीदवार जीते और उनमें एक भी मुस्लिम नहीं था.

ध्रुवीकृत मतदाता एकपक्षीय सरकार का गठन करते हैं. तब स्वाभाविक है कि जो लोग छोड़ दिए गए उनके मन में असुरक्षा और बेचैनी पैदा होगी. ऐसे में, हाशिये पर धकेले गए अल्पसंख्यक पीछे मुड़कर अपनी उन जड़ों और बुनियादों को बचाने में जुट जाते जो उन्हें बहुत प्रिय होते हैं. राजनीतिक दृष्टि से यह एक खतरनाक जाल बुन सकता है.

इस जटिलता को समझने के लिए हम 37 साल पीछे लौट कर शाह बानो मामले पर नज़र डालें. वह बिलकुल सीधा–सा मामला था. 73 साल की एक तलाक़शुदा महिला ने अपने गुजारे के लिए खर्च की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था. लेकिन एक व्यक्तिगत मसला एक मजहबी–सियासी मसला बन गया क्योंकि मुस्लिम मुल्लाओं ने इसे अपने निजी क़ानूनों के लिए चुनौती मान लिया, जिनमें ऐसी महिला के लिए गुजारा भत्ते की व्यवस्था नहीं की गई है क्योंकि उसे निकाह के समय ही मेहर का वादा किया जाता है.

यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, जिसकी अध्यक्षता उस समय जस्टिस वाई.वी. चंद्रचूड़ कर रहे थे, जो आज अगले मुख्य न्यायाधीश बनने वाले वाले जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ के पिता हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इंदौर की इस महिला के पक्ष में फैसला सुनाया जिसे शादी के 43 साल बाद तलाक दे दिया गया था. अदालत ने उसे गुजारे के लिए (सांस रोक कर पढ़िए) हर महीने महज 500 रुपये दिए जाने का आदेश दिया. लेकिन इसे मुस्लिम जीवन शैली पर हमला माना गया. कई मुस्लिम समूहों ने जस्टिस चंद्रचूड़ के पुतले जलाए.

उस समय, 1986 में मैंने 'इंडिया टुडे' में कवर स्टोरी लिखी थी और इसके लिए मैंने जिन लोगों से बात की थी उनमें जमात–ए–इस्लामी–हिन्द के तत्कालीन अमीर मौलाना अबुल लईस भी थे. वह कवर स्टोरी यहां पढ़ें. उन्होंने कहा था कि भारत के मुसलमानों की लड़ाई अपनी जिंदगी या दौलत के लिए नहीं बल्कि अपनी तहजीब और पहचान के लिए है.

मामला केवल मुल्लाओं–मौलवियों तक सिमटा नहीं रहा. ऊंची शिक्षा पाए, पूर्व राजनयिक और आला बुद्धिजीवी सैयद शहाबुद्दीन तक ने रूढ़िपंथियों का साथ दिया. उन्होंने उक्त फैसले को बौद्धिक और राजनीतिक स्तर पर भी चुनौती दी. उन्होंने बिहार के किशनगंज से उप–चुनाव लड़ा और जीते. एक साल पहले वहां से राजीव गांधी की कांग्रेस का उम्मीदवार 1.3 लाख वोटों से चुनाव जीता था.

मैंने शहाबुद्दीन से भी बात की थी और उन्होंने भी पूरी स्पष्टता से बात की थी कि यह लड़ाई 'सबको एक रंग में रंगने की अस्वीकार्य प्रक्रिया' के खिलाफ है. और, यह लड़ाई वे किस तरह लड़ रहे थे? कांग्रेस पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक को तोड़ कर. 'यह मुस्लिम वोट बैंक टूट चुका है. और बादशाह के सभी घोड़े और बादशाह के सभी आदमी अब वापस नहीं लौटने वाले.'

शहाबुद्दीन ने सही कहा था, कांग्रेस का मुस्लिम वोट बैंक शाह बानो प्रकरण के बाद फिर उसके पास वापस नहीं लौटा. इस प्रकरण ने हिंदुओं को उससे नाराज कर दिया और भाजपा की इस मुहिम को ताकत दे दी कि कांग्रेस मुसलमानों का तुष्टीकरण करती है.

बाद में राजीव गांधी ने हिंदुओं को खुश करने में जो भयंकर भूलें की, जिनमें अयोध्या में बाबरी–राममंदिर का ताला खुलवाना शामिल था और जिसे हाल में जयराम रमेश ने भूल के रूप कबूल किया, उसके कारण मुसलमान कांग्रेस से और नाराज हुए, जबकि बहुसंख्यक हिंदू उससे खुश भी नहीं हुए. अंतत:, इसका राजनीतिक परिणाम यह हुआ कि नरेंद्र मोदी की भाजपा को लगातार दो बार बहुमत मिल गया. याद रहे कि यह सब 73 साल की एक गरीब, अनपढ़ तलाक़शुदा महिला को महज 500 रुपये महीने का गुजारा खर्च देने के नाम पर हुआ.

ऐसा नहीं है कि आधुनिकता के पक्ष में आवाजें नहीं उठीं. मुस्लिम समुदाय से भी ऐसी कई आवाजें उठीं. राजीव गांधी के मंत्रिमंडल के सदस्य आरिफ़ मोहम्मद ख़ान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से कोई छेड़छाड़ न की जाए. मेरी कवर स्टोरी के लिए दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'मेरा मजहब इस्लाम तरक्कीपसंद और आधुनिकतावादी है.' अंतत: उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था.

उसी कवर स्टोरी में तब उर्दू अखबार 'नयी दुनिया' के युवा संपादक, और हाल में आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत से वार्ता करने वाली पांच अहम मुस्लिम हस्तियों में शामिल शाहिद सिद्दीक़ी ने कहा था, 'कस्बों का हरेक मौलाना आज लीडर बन गया है, जिनका लक्ष्य संकुचित है और जिनके स्वार्थ संकीर्ण हैं.'

हैदराबाद की उस्मानिया विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र पढ़ाने वाली प्रोफेसर कौसर आज़म ने अफसोस जाहिर किया था कि मुस्लिम समाज में महात्मा गांधी और राजा राममोहन राय सरीखे सुधारक नहीं हैं और निराशाजनक तथ्य यह है कि हमीद दलवई सरीखे आधुनिकतावादी कम उम्र में ही गुजर गए. उस कवर स्टोरी में एक और उदार, आधुनिकतावादी आवाज जेएनयू की प्रतिष्ठित प्रोफेसर जोया हसन की थी.

लेकिन उदार, आधुनिक आवाज़ों को अनसुना कर दिया गया और इसके राजनीतिक नतीजे भी सामने आए. वे नतीजे इतने गंभीर थे कि चार दशक बाद भी हम हिजाब के मामले में वैसे ही विवाद में उलझ गए हैं. 'चुनने की आज़ादी' का सवाल संस्कृति, पहचान को बचाने, 'सबको एक रंग में रंगने की अस्वीकार्य प्रक्रिया' को रोकने का मुद्दा बन गया है.

बड़ा फर्क यह आया है कि शाह बानो के पक्ष में जो शिक्षित, सम्मानित, आधुनिकतावादी, स्थापित मुस्लिम आवाजें तब उभरी थीं वे आज दूसरे पाले में चली गई हैं. उस समय उन्होंने एक नैतिक तथा बौद्धिक संघर्ष किया था और हार गई थीं. आज वे दूसरी तरफ से लड़ रही हैं, ज़्यादातर इसलिए कि उन्हें नरेंद्र मोदी को लेकर आशंका है. बदकिस्मती से, वे इस बार भी हारने वाली हैं, चाहे अदालत का फैसला जो भी हो.

# दशहरा मनाने को लेकर आमजन में काफी उत्साह रहता है और दशहरा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है

**दिव्येन्दु राय**

दशहरे को बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के तौर पर देखा जाता है जब हर वर्ष रावण का पुतला बनाकर उसका दहन होता है। लेकिन क्या हम वास्तव में ऐसा कर पाते हैं? शायद नहीं क्योंकि अगर हम यह कर पाते तो समाज की इतनी बुराईयां नहीं व्याप्त रह पातीं।

**'हमें दहन पुतलो का ही नहीं, बल्कि बुरे विचारो का भी करना होगा।**
**प्रभु श्री राम को याद करके, अपने अंदर के रावण से लड़ना होगा।'**

दशहरे का पर्व भारत के साथ – साथ कई देशों में धूम – धाम से मनाया जाता है और इस महापर्व की महत्ता इस बात से ही समझी जा सकती है कि भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को सम्मान देने के लिए हिमाचल प्रदेश के कुल्लू दशहरा स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं उपस्थित रहे। यह शायद पहला दशहरा है जब देश का प्रधानमंत्री पहाड़ पर मेले में इस प्रकार सम्मिलित हो रहा हो।

तो वहीं कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष सोनिया गांधी ने दशहरे के अवसर पर कर्नाटक के बेगुर गांव के भीमनाकोली मंदिर में पूजा–अर्चना की।

यह एक ऐसा पर्व है जब नौकरीपेशा करने वाले लोग अपने गॉव घर जाकर अपनों से साथ इस महापर्व में सम्मिलित होते हैं एवं अपनों के साथ रावण दहन देखने के बाद स्थानीय खाद्य पदार्थों का सेवन करने के साथ – साथ स्थानीय उत्पादों को खरीदते हैं।

बच्चों में मेला देखने को लेकर बड़ा ही उत्साह रहता है। यह क्रम नवमीं के दिन से शुरू होकर दशहरा यानी मेला और राज्याभिषेक होने तक यानी राजगद्दी मिलने तक चलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में एक ही तय डेट पर मेला नहीं लगता, यहां कुछ गॉंवों, कस्बों का मेला किसी अन्य डेट पर लगता है तो किसी दूसरे गॉव जवार का मेला दूसरे डेट पर लगता है।

बदलते वक्त के साथ मेलों का क्रेज़ कम होते जा रहा क्योंकि अब सबकुछ आसानी से उपलब्ध है। ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स ने तो मेलों के क्रेज़ को कम किया ही है साथ में उन्होंने स्थानीय छोटे दुकानदारों के व्यवसाय को भी कम कर दिया है। महिलाओं के खरीददारी के लिए मेलों एवं राजगद्दी में मीना बाजार लगा करती थी जिसकी महत्ता अब न्यूनतम हो गई है।


इन मेलों अब जिद्द करके अपने परिजनों के साथ जाने वाले छोटे बच्चे और ग्रेजुएशन कर रहे और उससे नीचे की पढ़ाई कर रहे छात्र देखे जाते हैं जो अपने दोस्तों के साथ मेलों का लुत्फ़ उठाते नज़र आ जाते हैं।

मेले के स्थानीय खाद्य उत्पादों में जो स्वाद अब भी मिलता है वह भला बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के खाद्य उत्पादों में कहाँ। इस वर्ष दशहरे के दिन उत्तर प्रदेश के लगभग दो दर्जन जनपदों में हो रही बरसात ने इस महापर्व को उत्साह को कम कर दिया है और लोग सोशल साइट्स पर यह लिखते हुए देखे जा रहे हैं कि इसबार रावण जलने से नहीं बल्कि डूबने से मरेगा।

## सिल्क सिटी और डायमंड सिटी के रूप में जाना जाता है सूरत शहर

सूरत देश का एक ऐसा बड़ा शहर भी है जहां की कपड़ा मिलों, मोटर कारखानों, हीरा व्यापारियों के यहां देशभर से लोग काम करने आते हैं। इस लिहाज से यह अन्य राज्यों के लोगों को सर्वाधिक संख्या में रोजगार मुहैया कराने वाला शहर भी है। गुजरात का सूरत शहर पूरे देशभर में अपने कपड़ा तथा हीरा उद्योग के लिए तो जाना ही जाता है साथ ही इस खूबसूरत शहर में पर्यटकों के लिए भी बहुत कुछ है। सिल्क सिटी और डायमंड सिटी के रूप में भी पहचाने जाना वाला सूरत शहर विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे वाला शहर भी है। तापी नदी सूरत शहर के मध्य से होकर गुजरती है। अक्सर शहरों में नदियों की सूरत काफी बिगड़ी होती है लेकिन सूरत शहर में ऐसा नहीं है जिसके लिए प्रशासन की सराहना की जानी चाहिए। सूरत देश का एक ऐसा बड़ा शहर भी है जहां की कपड़ा मिलों, मोटर कारखानों, हीरा व्यापारियों के यहां देशभर से लोग काम करने आते हैं। इस लिहाज से यह अन्य राज्यों के लोगों को सर्वाधिक संख्या में रोजगार मुहैया कराने वाला शहर भी है। इसलिए सूरत शहर को मिनी इंडिया भी कहा जाता है। यहां देशभर से कामगार काम की तलाश में और व्यापारी व्यापार के लिहाज से आते हैं इसलिए सूरत शहर में बड़ी संख्या में हर बजट के होटल और रिजॉर्ट आदि भी हैं। सूरत शहर सफाई के मामले में भी गुजरात के अन्य शहरों से काफी आगे है। यहां की ट्रैफिक व्यवस्था भी अन्य शहरों के मुकाबले अच्छी है क्योंकि खासतौर पर शहर के मुख्य इलाके में सड़कें काफी चौड़ी हैं। यदि आप सूरत आना चाहें तो कभी भी यहां आ सकते हैं। यह रेल, सड़क तथा वायु मार्ग से देश के अन्य शहरों से जुड़ा हुआ है।

# करुणा दया ममता वात्सल्य के भाव



आओ प्रकृति से प्रेम और हर जीव के प्रति संवेदनशीलता सहिष्णुता भारतीय संस्कृति को सहज स्वभाव से अपनाएं

मां भारती की मिट्टी में ही अद्भुत शक्ति – जन्म से ही समा जाते है करुणा दया ममता के भाव – एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया – भारत की मिट्टी में ऐसी अनमोल शक्ति है कि यहां जन्म लेने वाले हर मानवीय जीव के विशाल हृदय में करुणा दया ममता का अनमोल, अनोखा ख़जाना भर जाता है और करुणा दया ममता न केवल माननीय जीवो के प्रति परंतु सारी सृष्टि के 84 लाख़ जीवों, जिसमें पशु पक्षी, जानवर यहां तक कि चींटी जैसे छोटे जीवों के लिए भी अपार करुणा दया ममता समाई हुई है। साथियों बात अगर हम मां भारती की गोद में दुलारे मानव जीव की करें तो वह हजारों वर्षों से मूक जीवो, पशु पक्षियों के प्रति दया भावना रखते हैं। अगर हम कुछ अपवादों को छोड़ दें तो इन मूक जीवो की सेवा, सुरक्षा, रक्षा करना आध्यात्मिक धर्म माना जाता है और हम इनकी पूजा भी करते हैं अनेक जीवो को हम देवी देवताओं का वाहन भी मानते हैं जिसमें गाय, गरुड़, शेर, मछली गज इत्यादि अनेक पशु शामिल हैं कई जीवो को हम घर में पालते भी हैं जिसमें डॉग खरगोश, बंदर, मिट्ठू, कबूतर इत्यादि जीव, पशु पक्षी शामिल हैं और उनको हम अपने घरों का सदस्य बनाए रखते हैं। हालांकि अभी वन्यजीव कानून के तहत अभी इसपर पाबंदी लगा दी गई है।

साथियों बाता अगर हम भारतीय कानूनों, नियमों और वाइल्डलाइफ एक्ट की करें तो जानवरों के प्रति कुछ अपवादी मानवों द्वारा क्रूरता ढाने के कारण अनेक प्रतिबंध और कठोर नियम बनाए गए हैं जिसमें अब पक्षियों को घर में पालना या बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के अन्य जीवो को पालना बंधनकारक है जिससे जीवो पर अत्याचार और क्रूरता रोकी जा सकती है।

साथियों बात अगर हम हिंसक जीव जंतु जानवरों की करें तो बड़े बुजुर्गों का कहना है कि अगर हम किसी भी जीव जंतु जानवर को जब तक दुर्भावना से छेड़ोगे नहीं तब तक वह हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता, अगर उनको हम छेड़ने या नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे तो फिर मज़बूरी में वह भी हिंसक हो जाता है और नतीजा मानवीय वध तक का अंजाम हो जाता है, इसीलिए ही शासन प्रशासन ने अनेक क्षेत्रों को प्रतिबंधित कर वहां बिना इजाजत मानवीय प्रवेश पर रोक भी लगाई है।

साथियों बात अगर हम मानव का मूक जानवरों जीव जंतुओं से करुणा, प्रेम, वात्सल्य की करें तो हम पीपल के झाड़ के पास चींटियों को शक्कर, गुड़ डालते हैं, गाय की त्योहारों में पूजा कर भोजन, जलपान करवा कर व्रत तोड़ते हैं।

हर धर्म में अपने अपने स्तरपर अनेक जीवो पशु पक्षियों की पूजा की जाती है, श्राद्ध के दिनों में कौओं को भोजन खिलाया जाता है। अगर हमारे हृदय दुलारे किसी जीव मसलन डॉग, खरगोश, बंदर, मिट्ठू या फिर शेर तक की किसी घटना, दुर्घटना या उम्रदराज मृत्यु हो जाती है तो हमें उसी तरह करुणा दुखी होकर रोते हैं जैसे हमने अपना मानवीय जीव प्रिय खो दिया है, यह है भारतीय मानव की करुणा दया ममता सांत्वना!

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा भी मन की बात में इस विषय पर उनके विचारों की करें तो उन्होंने भी कहा , प्रकृति से प्रेम और हर जीव के लिए करुणा, ये हमारी संस्कृति भी है और सहज स्वभाव भी है। हमारे इन्ही संस्कारों की झलक अभी हाल ही में तब दिखी, जब मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिज़र्व में एक बाघिन ने दुनिया को अलविदा कर दिया। इस बाघिन को लोग कॉलर वाली बाघिन कहते थे। वन विभाग ने इसे टी–15 नाम दिया था। इस बाघिन की मृत्यु ने लोगों को इतना भावुक कर दिया जैसे उनका कोई अपना दुनिया छोड़ गया हो।

लोगों ने बाकायदा उसका अंतिम संस्कार किया, उसे पूरे सम्मान और स्नेह के साथ विदाई दी। आपने भी ये तस्वीरें सोशल मीडिया में ज़रूर देखी होंगी। पूरी दुनिया में प्रकृति और जीवों के लिए हम भारतीयों के इस प्यार की खूब सराहना हुई। कॉलर वाली बाघिन ने जीवनकाल में 29 शावकों को जन्म दिया और 25 को पाल–पोसकर बड़ा भी बनाया। हमने टी–15 के इस जीवन को भी सेलिब्रेट किया और जब उसने दुनिया छोड़ी तो उसे भावुक विदाई भी दी।

यही तो भारत के लोगों की खूबी है। हम हर चेतन जीव से प्रेम का संबंध बना लेते हैं। साथियों ऐसा ही एक दृश्य हमें एक बार गणतंत्र दिवस की परेड में भी देखने को मिला। इस परेड में प्रेसिडेंटस बॉडीगार्ड्स के चार्जर घोड़े विराट ने अपनी आख़िरी परेड में हिस्सा लिया। घोड़ा विराट, 2003 में राष्ट्रपति भवन आया था और हर बार गणतंत्र दिवस पर कमांडेंट चार्जर के तौर पर परेड को लीड करता था। जब किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का राष्ट्रपति भवन में स्वागत होता था, तब भी, वो, अपनी ये भूमिका निभाता था। इस वर्ष, आर्मी डे पर घोड़े विराट को सेना प्रमुख द्वारा सीओएएस कमेंडेशन कार्ड भी दिया गया। विराट की विराट सेवाओं को देखते हुए, उसकी सेवानिवृत्ति के बाद उतने ही भव्य तरीक़े से उसे विदाई दी गई।

साथियों बात अगर हम नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को लाए गए 8 चीतों की करें तो, इन्हीं आठ चीतों को लाने के लिए चीतों की तस्वीर वाला एक विशेष रूप से तैयार बोइंग 747–400 विमान नामीबिया भेजा गया था। इस स्पेशल विमान पर चीतों की खूबसूरत पेंटिंग की गई थीं।

इसी विमान की तस्वीर के साथ नामीबिया स्थित भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, बाघों की धरती से सद्भावना राजदूत ले जाने के लिए शौर्य की धरती पर उतरा एक विशेष पक्षी।

## ऐसा हमारा जीवन हो

संतुष्टि और सहनशीलता हो,
इंसान इंसानियत से मिलता हो,
तकलीफ और कांटों के साथ साथ,
सुगंधित पुष्प भी खिलता हो।

जीवन में संघर्ष कितने भी आए,
हर एक से वक्त के साथ जीतते जाए,
हर पथ पर नकारात्मकता को त्यागते हुए,
सकारात्मकता की गीत एकता से गाए।

स्वयं में आत्मविश्वास भरकर,
लाए शांति और प्रसन्नता की लहर,
हम सब एकता का प्रतीक हो,
करें हर आवश्यक कार्य मिलकर।

हो हृदय में करुणा,
ना करे किसी से घृणा,
छोटी छोटी बात पर बिखर ना जाए,
स्वभाव में हो हमारा निखरना।

संतुष्टि और सहनशीलता हो,
इंसान इंसानियत से मिलता हो,
तकलीफ और कांटों के साथ साथ,
सुगंधित पुष्प भी खिलता हो।

## शार्ट न्यूज

### सीतापुर में एमडीएम बनाते समय कुकर फटने से 3 लोग झुलसे, अस्पताल में भर्ती

**सीतापुर।** सीतापुर में विद्यालय में खाना बनाते समय कुकर फटने से रसोईया सहित तीन लोग झुलस गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। हालांकि एक की हालत सामान्य होने पर उसका प्राथमिक इलाज कर दिया गया है। वहीं दो अन्य लोगों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। रामकोट थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर में सुबह बच्चों के लिए खाना बनाया जा रहा था। गैस की भट्टी पर रखे कुकर के अचानक फटने से 3 लोग झुलस गए। झुलसने वालों में रसोईया जगन्नाथ उम्र 50 वर्ष व पुष्पा देवी 45 वर्ष व चन्द्राणी 50 झुलस गए हैं जिनको विद्यालय परिवार द्वारा जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। मौके पर एमडीएम के जिला प्रभारी भी पहुंचे हैं। चिकित्सकों ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताई है।

### कुशीनगर : युवक की समाधि लेने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम किया

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में शारदीय नवरात्रि के दौरान तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मछरिया गांव के पांडेय पट्टी के पास एक युवक ने समाधि लेने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने इसे नाकाम कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि इस घटना की समय रहते जानकारी मिल जाने पर पुलिस ने युवक को गड्ढे से बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव में शारदीय नवरात्रि के मौके पर मंगलवार की रात में भजन कीर्तन चल रहा था। इसी दौरान लल्लन उर्फ साधु यादव ने समाधि लेने की घोषणा की। पूरे शरीर में पॉलीथिन लपेटकर वह समाधि के गड्ढे में उतर गया। इसके बाद उसने गड्ढे में मिट्टी भर ली। इसकी सूचना पर पहुंची तुर्कपट्टी पुलिस ने युवक को गड्ढे से बाहर निकाला। बाहर निकलने के बाद साधु यादव अचेत हो गया। इस संबंध में तुर्कपट्टी एसएचओ आशुतोष सिंह ने बताया कि समाधि लेने वाले युवक को गड्ढे से बाहर निकाल कर परिजनों को सौंप दिया गया है। उसे समझा बुझाकर दोबारा इस तरह की हरकत नहीं करने की हिदायत दी गई है।

### शिक्षिकाओं की शिकायत पर निलंबित हुए प्रधानाचार्य ने खुदकुशी की

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के ग्राम शहजादपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्हें हाल ही में स्कूल की शिक्षिकाओं की शिकायत पर निलंबित कर दिया गया था। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरीश कुमार ने गुरुवार को बताया कि स्कूल की दो शिक्षिकाओं ने वीरेंद्र कुमार और सहायक अध्यापक श्रीकांत के खिलाफ तहसील दिवस में शिकायत देकर आरोप लगाया था कि वाट्सअप ग्रुप में ये शिक्षक अभद्र टिप्पणी करते हैं। इस मामले की जांच ब्लाक मुजफ्फराबाद के शिक्षाधिकारी से कराई गई। आरोप सही पाए जाने पर बीएसए ने कुमार और श्रीकांत शिक्षकों को तीन अक्टूबर को निलंबित कर दिया था और इसकी जांच ब्लॉक गंगोह के खंड शिक्षाधिकारी को सौंपी थी। बीएसए अमरीश कुमार ने बताया कि मृतक वीरेंद्र कुमार जिले के थाना फतेहपुर के गांव रेड़ी के निवासी थे। बीएसए अमरीश कुमार ने यह भी बताया कि कुछ माह पहले भी वीरेंद्र कुमार को एक अन्य शिकायत पर मुअत्तल किया गया था।

### जिले के दो टॉप टेन बदमाशों की संपत्ति कुर्क हुई

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश में जनपद बुलंदशहर के जिला प्रशासन ने गुरुवार को जिले के 2 टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल दो बदमाशों की 05 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क की है। बुलन्दशहर के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि सिकन्दराबाद के उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में ककोड पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम की धारा-14(1) के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुये ग्राम धनोरा में जिले के टॉप टेन अपराधी अमित जाट व राजेन्द्र जाट द्वारा अर्जित की गई अचल संपत्ति के रूप में मकान को जब्त करने की प्रक्रिया पूरी की। इसकी अनुमानित कीमत 05 लाख रुपये आंकी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि दोनों कुख्यात बदमाशों पर गंभीर धाराओं में 29 मुकदमे दर्ज हैं।

### युवती को बंधक बना कर गैंगरेप, मुकदमा दर्ज

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा में गुरुवार को एक युवती को बंधक बना कर उसके साथ गैंगरेप किये जाने का सनसनीखेज मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक आरके गौतम ने बताया जिले के खन्ना थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती स्थानीय बाजार से सामान खरीदने गई थी। जिसे रास्ते से अगवा कर लिया गया। तीनों बदमाश उसे गांव के बाहर वीराने में एक स्थान पर ले गए। जहां उन्होंने युवती के साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया। काफी समय तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की। तब वह पानी की टँकी के पास अचेत अवस्था में पाई गई। इसके उपरांत घटना से पुलिस को अवगत कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होश में आने पर युवती ने घटना को लेकर जानकारी दी है। जिसमें गांव के ही युवक लल्लू वर्मा व उसके दो साथियों पर बलात्कार का आरोप लगाया गया है। मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस ने लल्लू व उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पीड़ित युवती का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है और मामले की जांच शुरू की गई है। घटना के बाद से आरोपी भागकर फरार हो गए है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई है।

### जौनपुर : आकाशीय बिजली की चपेट में आकर युवक की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में पवांरा थाना क्षेत्र के चेतरिया बनकट गांव में बुधवार को दशहरा मेला देख कर लौट रहे युवक की रास्ते में आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में पवांरा थाना क्षेत्र के दारापुर गांव निवासी आदित्य गौतम(22)पुत्र कैलाश गौतम अपने घर से चेतरिया बनकट गांव में मेला देखने गया था। मेला देखकर लौटते समय रास्ते में बारिश होने लगी उसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगो समेत पुलिस की मदद से उसे फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया मे भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतक के घर पहुंची तो भागते भागते अस्पताल आये। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### संभल में दलित महिला पर एसिड अटैक

**संभल।** सम्भल में एक महिला पर दबंगों ने एसिड डाल दिया। बताया जा रहा है कि प्रधानी चुनाव में वोट न देने पर खेत में महिला से बदतमीजी की। विरोध करने पर एसिड अटैक से हमला किया गया है। महिला को उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। महिला की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। वहीं थाना पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पूरा मामला उत्तर प्रदेश के जनपद सम्भल के थाना एचौड़ा कंबोह क्षेत्र के गांव मंडावली रसूलपुर का है। जहां एक दलित महिला कुछ महिलाओं के साथ खेत में चारा लेने गई थी। वहीं गांव के छह युवक दलित महिला को खेत में खींच कर ले गए। उसे घंटों बंधक बनाकर मारपीट करते हुए बदतमीजी की और विरोध करने पर उसके ऊपर एसिड डाल दिया। एसिड अटैक से गंभीर रूप से पीड़ित महिला को उपचार के लिए सम्भल के जिला संयुक्त चिकित्सालय में लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि घटना प्रधानी चुनाव से जुड़ी हुई है। प्रधानी चुनाव के समय वोट न देने पर प्रधान ने इस घटना को अंजाम दिलवाया है। कुछ महीने पहले भी आरोपी पक्ष ने उनके पिता को पीटा था, जिसके बाद उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मगर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। यदि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर लेती तो यह घटना नहीं होती। एसिड अटैक मामले को थाना पुलिस ने गंभीरता से देखते हुए चार आरोपियों के खिलाफ अंग-भंग एवं एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की हैं। जिसमें राहुल, दीपक और भीष्म नामजद है और तीन अज्ञात है। पीड़िता के पुत्र मनोज ने बताया कि खेत में ले जाकर बदतमीजी की, विरोध करने पर पीड़िता के ऊपर एसिड डाल दिया।

# उत्तरप्रदेश में बारिश का कहर

## पहले कमी से नहीं हुई बुआई अब फसल लगा तो भारी बारिश ने किया बर्बाद



लखनऊ। अन्नदाताओं पर कहर बनकर टूट रही है यूपी में होने वाली मूसलाधार बारिश। बेमौसम बारिश से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। मौसम की बेरुखी इस मानसून सीजन में किसानों को सबसे ज्यादा झेलनी पड़ी है। मंगलवार रात से शुरू हुई जमकर बारिश का सिलसिला गुरुवार को भी जारी है। जमकर बारिश से फसलों को खासा नुकसान हुआ है। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें और गहरा गई हैं। यूपी में पहले बारिश नहीं होने से बुआई के लिए किसान परेशान रहे, जैसे तैसे फसल लगा और खड़ा हुआ तो बारिश ने बर्बाद कर दिया। खरीफ की फसलों की बुआई के समय पहले सूखा पड़ गया। जब किसानों ने अपनी मेहनत से किसी तरह फसलों को तैयार किया। ऐसे समय पर अन्नदाताओं पर मेघराज कहर बनकर टूट पड़े। किसानों की खड़ी फसलें तेज हवाओं संग बारिश से गिर गई। जो कि पानी में पड़ी रहने से खराब हो जाएंगी। खरीफ की धान, मक्का, तिल जैसी फसलों को तैयार करके किसान अपनी जीविका चलाते हैं। उन पर संकट के बादल नजर आते हैं। बारिश से प्रमुख रूप से सब्जी वर्गीय फसलों में गाजर, मूली, चुकंदर धनिया, सोया पालक, मेथी की बुआई का समय चल रहा था दूसरी तरफ सरसों की बुआई के लिए किसान अपने खेत तैयार कर रहे थे। अधिक बरसात होने से बुआई भी प्रभावित हुई है। अधिक बरसात एवं जलभराव के कारण धान की फसल डूब गई है। बरसात से धान, ज्वार, बाजरा, सफेद तिल को अधिक नुकसान होता है। कुछ किसानों ने आलू की अगेती किस्मों की बुआई कर दी थी।

# मैनपुरी में बीएससी छात्रा की रेप के बाद हत्या

मैनपुरी। यूपी के मैनपुरी जिले में रेप के बाद छात्रा की गला घोंटकर हत्या कर दी गई और उसका शव फंदे से लटका दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक एक्सपर्ट भी बुला लिए गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। हत्यारोपी गांव से फरार है।

भोगांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बीएससी द्वितीय वर्ष की 19 वर्षीय छात्रा अपनी 15 वर्षीय बहन के साथ घर में थी। उसके पिता मैनपुरी और मां आगरा आवश्यक कार्य से गए थे। शाम 3 बजे के करीब ग्रामवासी 25 वर्षीय पुष्पेंद्र लोधी पुत्र दिनेश सिंह लोधी घर में घुस आया और उसने छात्रा को बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म किया। आशंका है कि छात्रा ने शिकायत की धमकी दी तो उसने छात्रा का गला घोंटकर मार दिया और उसका शव फंदे पर लटका दिया। इसके बाद घर का दरवाजा बाहर से बंद कर भाग निकला। घटना के बाद मृतका की छोटी बहन ने शोर मचाकर घर का दरवाजा खुलवाया और लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद माता-पिता को जानकारी दी गई। मां घर पहुंच गई थी, जबकि एसपी कमलेश कुमार दीक्षित भी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे।

# लखनऊ में युवक का सिर कूंच कर हत्या, श्मशान घाट में मिला शव

लखनऊ। लखनऊ पीजीआई के तेलीबाग इलाके में युवक की सिर कूंच कर हत्या कर दी गई। श्मशान घाट में खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक नशे का आदी था। श्मशान घाट में ही शव जलवाने में मदद करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

पीजीआई के चिरैयाबाग वृन्दावन योजना सेक्टर- 7 निवासी चंदन यादव (45) बीते काफी समय से घर छोड़कर तेलीबाग स्थित श्मशान घाट पर रह रहा था। गुरुवार सुबह श्मशान घाट पर चंदन का शव मिलने से हड़कंच मच गया। सिर और पेट के निचले हिस्से में चोट के निशान थे। मृतक के भाई सुनील यदव के मुताबिक जमीन अधिग्रहण के बाद मिले रुपये के बाद उसकी आदते खराब हो गई थी। उसे नशे की लत पड़ गई थी। काफी समय से उसका घरवालों का कोई संपर्क नहीं था। वहीं इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश कुमार यादव का कहना है कि वह शराब पीने का आदी था। वह श्मशान घाट में ही रहता था। यहां आने वाले शव को जलवाने में मदद करता था। प्रथम द्रष्टया चंदन की मौत के बाद कुत्तों द्वारा कान और गुप्तांग नोच लेने के बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आसपास के लोगों का कहना है कि शाम होते ही श्मशान घाट में नशेड़ियों का अड्डा लग जाता है। कई बाद शिकायत के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है।

### कौशांबी : सर्पदंश से बहन की मौत भाई की हालत गंभीर

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र स्थित अतरसुइया गांव में बीती रात घर के अंदर सो रहे भाई बहन को सांप ने डस लिया। गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार इलाज के दौरान के बहन की मृत्यु हो गई जबकि भाई का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर किंतु स्थिर बतायी गयी है। अतरसुइया गांव में बीती रात घर में सो रहे भाई बहन को सांप ने डस लिया। परिजनों ने तत्काल दोनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बहन राधा (8 साल) की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। भाई की हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज स्थित स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसका अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# अमेठी में भारी बारिश, आकाशीय बिजली से बालिका की मौत, दो झुलसे

**अमेठी।** अमेठी में बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी बहन व एक अन्य वृद्ध झुलसकर घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर राजस्वकर्मी ने आकर पड़ताल की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला असंद्रा थाना क्षेत्र के सरवनपुर गांव का है। असंद्रा थाना क्षेत्र के सरवनपुर मजरे मोतिकपुर गांव निवासी आसाराम रावत का गांव में कच्चा मकान है और उसे सरकारी कालोनी मिली तो उसने उसका निर्माण खेत में करवाया है। गुरुवार को बरसात के दौरान आसाराम की पुत्री रीमा रावत (19) व नैंसी रावत (17) खेत में छुट्टा जानवर को हटाने के लिए गई थी। इस



बीच मूसलाधार बरसात होने लगी तो दोनों बहने खेत में बने अपने मकान की तरफ भागी। छोटी बहन नैंसी खेत में बने मकान के बरामदे में जा घुसी। उसकी बहन रीमा बरामदे के पास ही पहुंची थी इसी बीच तेज आवाज के साथ बिजली गिरी। बिजली सीधे रीमा के ऊपर आकर गिरी तो वह चीखते हुए झुलसकर गिर पड़ी। बिजली के कारण रीमा की बहन नैंसी व पास में ही खेत की रखवाली करने मचान पर बैठे सत्यनारायण रावत पुत्र दशरथ भी झुलस गए। नैंसी की चीख पुकार सुनकर गांव के लोग पहुंचे तो देखा कि रीमा खेत में गिरी पड़ी है।

ग्रामीणों ने देखा तो रीमा की मौत हो चुकी थी। रीमा की बहन नैंसी व सत्यनारायण को इलाज के लिए सीएचसी इलाज के लिए भेजा गया। रीमा की मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस की सूचना पर मौके पर तहसीलदार हैदरगढ़ शशि कुमार शुक्ल व राजस्वकर्मी भी पहुंचे और पड़ताल की। मौके पर बिजली का प्रकोप इतना तेज था कि पास में रखी ईंटे आदि भी काले पड़ गए थे।

# मेरठ में कांग्रेस नेत्री सपना सोम के परिवार पर हमला

## कार से निकालकर पीटा, की तोड़फोड़, दी तहरीर

**मेरठ।** यूपी के मेरठ जिले में सूरजकुंड दशहरा मेला देखने आई कांग्रेस नेत्री सपना सोम के परिवार पर दर्जनभर से अधिक युवकों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने ड्राइविंग सीट पर बैठे सपना सोम के बेटे को बाहर खींचकर मारपीट करते हुए कार में तोड़फोड़ कर दी और फरार हो गए। वारदात के बाद कांग्रेस नेत्री परिवार के साथ सिविल लाइन थाने पहुंची और हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। रुड़की रोड स्थित शांति निकेतन कालोनी में कांग्रेस नेत्री सपना सोम



अपने परिवार के साथ रहती हैं। बुधवार रात सूरजकुंड पर लगे दशहरा मेले में कांग्रेस नेत्री अपने परिवार के साथ पहुंची थी। उनके साथ पति नीरज कुमार के अलावा बेटा सौरभ व कार्तिक के अलावा बेटी वैष्णवी भी मौजूद रहीं। रावण दहन के बाद परिवार कार में बैठा और जाने लगा। आरोप है कि पीछे से आए तीन से चार नशे में धुत युवकों ने उनकी कार के शीशे पर जोर जोर से हाथ मारना शुरु कर दिया। कार चला रहे सौरभ ने ब्रेक लगाकर बाहर निकलते हुए उन्हें टोका तो युवक मारपीट व गाली-गलौज पर अमादा हो गए।

उन्होंने सौरभ को घेरकर पीटना शुरु कर दिया। बेटे को बचाने सपना सोम व उनके पति नीरज बाहर निकले तो हमलावरों ने उन्हें भी घेर लिया और सपना सोम के साथ अभद्रता कर दी। देखते ही देखते बखेड़ा खड़ा हो गया। कार के अंदर मौजूद बेटा कार्तिक व वैष्णवी दहशत के चलते जोर जोर से रोने लगे। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी कार के अगले शीशे पर किसी चीज से वार किया, जिससे शीशा चकनाचूर हो गया। वारदात कर हमलावर भीड़ का लाभ उठाकर भाग निकले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। सपना सोम अपने परिवार के साथ सिविल लाइन थाने आ गई। कांग्रेस नेत्री पर हमले की सूचना पर कार्यकर्ता थाने पहुंचने लगे। उन्होंने वारदात का विरोध जता दिया।

### मऊ : भाजपा नेता की थाने में हुई जमकर धुनाई, लाइन हाजिर किये गए पुलिसकर्मी

मऊ। उत्तर प्रदेश में मऊ जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र में सोना कारोबारी और भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष सौरव गुप्ता को थानाध्यक्ष कार्यालय में पुलिसकर्मियों ने जमकर पीटने के मामले में दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर मामले की जांच के आदेश दे दिये गये हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि मधुबन थाना क्षेत्र में सौरभ गुप्ता व पिंटू पांडेय नामक दो युवकों की पिटाई का मामला सामने आया है। इस मामले में मधुबन थाने से संबंधित एक एसआई एवं एक पुलिस जवान को लाइन हाजिर कर मामले की जांच की जा रही है। वही पीड़ित स्वर्ण व्यवसाई व मधुबन मंडल से भाजयुमो उपाध्यक्ष सौरव गुप्ता ने बताया कि 01 अक्टूबर की शाम पुलिस से हुए झड़प के बाद उसे घर से उठाकर मधुबन थाना परिसर लाया गया।

जहां रात 11:30 बजे थानाध्यक्ष के कार्यालय में थानाध्यक्ष की उपस्थिति में दर्जनों पुलिसकर्मियों द्वारा डेढ़ घंटे तक जबरदस्त पिटाई की गई। पीडित भाजयुमो नेता व व्यवसाई सौरव गुप्ता ने बताया कि पिटाई में चमड़े की बेल्ट के साथ हाथ, लात व जूतों का भी प्रयोग किया गया।

### शस्त्र पूजन के दौरान फायरिंग, वीडियो वायरल

बरेली। बरेली के माडल टाउन स्थित हरि मंदिर में दशहरा पर शस्त्र पूजन के दौरान लाइसेंसी असलहों से ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इसका वीडियो वायरल होने पर थाना बारादरी में सब इंस्पेक्टर विनय कुमार की ओर से अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दशहरा के त्योहार पर बुधवार को माडल टाउन स्थित हरि मंदिर में एक संगठन की ओर से शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया था। इसमें शहर के व्यापारी नेता समेत कई नामचीन लोग पहुंचे थे। दशहरा पूजन के बाद मंदिर प्रांगण में ही कुछ लोगों ने लाइसेंसी असलहों से कई राउंड हवाई फायरिंग की। जब इसकी सूचना बारादरी थाने पहुंची तो एसआई विनय कुमार पुलिस फोर्स के साथ वहां पहुंचे। मगर तब तक फायरिंग करने वाले लोग वहां से जा चुके थे। मगर कुछ ही देर में इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और मामला अफसरों तक पहुंच गया। इसके बाद एसआई विनय कुमार की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना बारादरी में हर्ष फायिरंग की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

# सहारनपुर में भीषण सड़क हादसा, 3 की मौत, कई घायल

**सहारनपुर।** सहारनपुर में गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में स्कूटी सवार दो युवकों समेत तीन की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर एक ही हालत गंभीर बनी हुई है।

हादसा बेहट कस्बे के पास दिल्ली यमुनोत्री हाईवे पर हुआ। बताया जा रहा है कि विकासनगर की ओर से एक





क्रेटा कार आ रही थी जिसमें तीन युवक थे। इस दौरान विकासनगर से आ रही बस की कार से टक्कर हो गई जिससे कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिस समय कार खाई में पलटी उसी समय वहां से बेहट निवासी जनरल और बंटी भी स्कूटी से जा रहे थे। बंटी और जनरल भी कार की चपेट में आ गए।

हादसे में जनरल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, बंटी और कार सवार सुलभ कांबोज, अंकुर और वरूण घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर बंटी और सुलभ कांबोज पुत्र मेघपाल की भी मौत हो गई। अंकुर की हालत गंभीर बताई जा रही है। चिकित्सको ने अंकुर को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# जौनपुर : मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से दो युवकों की मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मूर्ति विसर्जन के दौरान दो अलग अलग स्थानों पर हुए हादसे से दशहरा पर्व गम में तब्दील हो गया। रामपुर थाना क्षेत्र के असवा गांव में तालाब में डूबने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, वही बरसठी थाना क्षेत्र के पिलकथुआ गांव में मूर्ति विसर्जन के दौरान तालाब में एक युवक डूब गया। पुलिस के अनुसार जिले में बरसठी थाना क्षेत्र के पिलकथुआ गांव के निवासी संग्राम गौतम ने अपने घर में मां दुर्गा के मूर्ति स्थापित की थी। बुधवार को गांव के ही एक विशालकाय तालाब पर मूर्ति विसर्जन करने के लिए पहुंचे। संग्राम सिंह के साथ उनकी पत्नी सरोजा देवी और उनका 21 वर्ष का बेटा विनय गौतम साथ आया था। मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जित करने के बाद सभी घर की तरफ चले तो विनय तालाब में नहाने के लिये रुक गया। इसके बाद पिता संग्राम गौतम और माता सरोजा देवी तालाब के किनारे बैठ गए। उनका बेटा विनय नहाने के लिए तालाब में उतरा और उसका पैर फिसल गया। जिसके बाद वह गहरे पानी में चला गया। जब युवक तालाब में डूबने लगा तो उसकी माता और पिता बचाने के लिए चिल्लाने लगे तो तालाब पर विसर्जन के लिए आए लोगों में हाहाकार मच गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने फायर बिग्रेड को सूचना दिया। उसके बाद क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं अशोक कुमार सिंह एवं उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं श्रीमती अर्चना ओझा को सूचित किया। थोड़ी देर में ही एसडीएम, सीओ फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों के माध्यम से डूबे युवक के शव को बाहर निकाला गया।

### विकलांग किशोरी से बलात्कार, मुकदमा दर्ज, आरोपी फरार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र में विकलांग किशोरी के साथ बलात्कार का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मुकदमा पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को तहरीर के आधार पर बताया कि युवती शाम को खेत में शौच के लिए गई थी, उसी समय खेत में घात लगाकर बैठे गांव के एक दबंग ने उसके साथ जबरदस्ती की। किशोरी ने जब विरोध किया तब उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ बलात्कार किया। इस हादसे के बाद उसने घर वापस आकर अपनी मां को पूरी बात बताई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस स्थानीय थाने में दी।


# चुनाव में अखिलेश और जयंत की मदद करूंगा: सत्यपाल मलिक

बागपत। मेघालय के राज्यपाल पद से सेवानिवृत्त होने के बाद सत्यपाल मलिक ने मोदी सरकार के विरुद्ध राजनीतिक हमला तेज करते हुए दो टूक कहा है कि अगले चुनाव में वह समाजवादी पार्टी (सपा) और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की मदद करेंगे, हालांकि वह किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होंगे।

राज्यपाल पद से सेवानिवृत्त होने के बाद मलिक बागपत स्थित अपने पैतृक गांव हिसावदा में पहुंचे थे। गांव में बुधवार को ग्रामीणों ने उनका सम्मान किया और उन्होंने सभी के साथ सहभोज किया।

सरकार पर पहले से ज्यादा हमलावर होते हुए मलिक ने कहा कि यह सरकार किसान विरोधी है। भावी योजना के बारे में मलिक ने कहा, मैं कोई राजनीतिक पार्टी ज्वाइन नहीं करूंगा, न चुनाव लड़ूंगा, लेकिन किसानों की लड़ाई जरूर लड़ूंगा। इस लड़ाई में चौधरी चरण सिंह का पोता होने के कारण जयंत सिंह और मुलायम सिंह का बेटा होने के कारण अखिलेश यादव की मदद करूंगा।

पूर्व राज्यपाल मलिक ने बतौर राज्यपाल अपने अनुभव को बेहतर



बताते हुए कहा कि उन्होंने पूरी ईमानदारी से काम किया। जब जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म किया, तो महबूबा मुफ्ती कहती थी कि यहां खून की नदियां बह जाएंगी। एक गोली भी नहीं चलानी पड़ी।

हालांकि, उन्होंने सेवानिवृत्त होने के बाद मोदी सरकार द्वारा उनके खिलाफ भी कोई कार्रवाई करने की आशंका से इंकार नहीं किया। मलिक ने कहा, मुझ पर भी ये लोग कुछ जरूर करेंगे। जम्मू-कश्मीर की सभी फाइलों की जांच करा लो या तलाशी ले लो, लेकिन मेरा कुछ होगा ही नहीं। मैं फकीर आदमी हूं, मेरे यहां धेला नहीं मिलेगा।

देश की समस्याओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से लोग पहले ही परेशान हैं। किसानों को गन्ने की बकाया भुगतान नहीं मिल रहा और उसके दाम भी नहीं बढ़ रहे।

# मथुरा : कान्हा की नगरी में हुई त्रिकालदर्शी दशानन की आरती

मथुरा। उत्तर प्रदेश में पौराणिक महत्व की कान्हा की नगरी मथुरा में बुधवार को विजयादशमी के अवसर पर रावण को पराजित करने की खुशी में राम की पूजा हो रही है वहीं लंकेश रावण की भक्त मंडली त्रिकालदर्शी दशानन की यमुना तलहटी में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर रही है। अपने तरह के इस अनूठे अवसर पर रावण की महाआरती की गई। इस कार्यक्रम में पुतला दहन करने की कुप्रथा को तत्काल बंद करने की सरकार से मांग की गई साथ ही लंकेश का मन्दिर बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया गया।


लंकेश भक्त मण्डल के अध्यक्ष ओमवीर सारस्वत ने पूजन कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व उपस्थित जन समुदाय के समक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि इस कुप्रथा को समाप्त किया जाना चाहिये, क्योंकि इसका न तो पौराणिक महत्व है और न यह व्यवहारिक है।

उन्होंने दलील दी कि सनातन संस्कृति में एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार जीवन में केवल एक बार किया जाता है। इसके अलावा व्यापक पैमाने पर होने वाले पुतला दहन से पर्यावरण प्रदूषण भी होता है। इतना ही नहीं किसी का दहन करने से बच्चों में कुसंस्कार पैदा होते हैं।

उन्होंने कहा कि इस कुप्रथा को समाप्त करने तथा जनमत तैयार करने के लिए लंकेश भक्त मंडल का विस्तार अन्य जिलों में भी किया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### अजय देवगन बने वॉकारू के ब्राण्ड एम्बेसडर



**नयी दिल्ली।** फुटवियर ब्राण्ड वॉकारू ने आज बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन को अपना ब्राण्ड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि त्यौहारों के सीजन के लिये पुरूषों, महिलाओं और बच्चों के लिये 200 से ज्यादा डिजाइन लॉन्च किये गये हैं। अब अजय देवगन कंपनी के प्रचार प्रसार में नजर आयेंगे। वॉकारू इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक वीकेसी नौशाद ने कहा, अभिनेता अजय देवगन को अपने नये ब्राण्ड एम्बेसडर के तौर पर पाकर हम बहुत खुश हैं। इस साझेदारी से हमें सभी सेगमेंट्स के उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने में मदद मिलेगी और उत्तर तथा पश्चिम भारत के बाजारों में, खासकर टियर 2 और 3 शहरों में अपने ब्राण्ड की मौजूदगी को मजबूत कर सकेंगे।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग तीन सप्ताह से कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव बने रहने के बीच देश में घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे। कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुयी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.14 प्रतिशत गिरकर 93.24 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड भी 0.19 प्रतिशत उतरकर 87.59 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### केंद्र ने 14 राज्यों को दिया 7,183.42 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुदान

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने गुरुवार को 14 चयनित राज्यों को राजस्व घाटा अनुदान (जीआरडी) के रूप में 7,183.42 करोड़ रुपये जारी किए। वित्त मंत्रलाय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक यह चालू वित्त वर्ष में इस अनुदान की 7वीं मासिक किस्त है। इन राज्यों को केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी लगने के बाद भी घाटे से निपटने के लिए यह अनुदान पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार जारी किया जा रहा है। वित्त आयोग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 14 राज्यों को इस अनुदान के अंतर्गत कुल 86,201 करोड़ रुपये का अनुदान देने की सिफारिश की है। इसे 12 समान मासिक किश्तों में दिया जाना है। अक्टूबर, 2022 माह की 7वीं किस्त के साथ राज्यों को 50,283.92 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। इससे लाभान्वित होने वाले राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

### रुपया 82 रुपये प्रति डॉलर के पार पहुंचा

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने तथा डॉलर की मांग आने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 55 पैसे फिसलकर अब तक रिकार्ड निचले स्तर 82.17 रुपये प्रति डॉलर पर लुढ़क गया। रुपया पिछले सत्र में 81.62 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 10 पैसे की मजबूती लेकर 81.52 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 81.51 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान डॉलर की मांग आने से यह 82.17 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक टूटा और यही इसका दिवस का निचला स्तर भी रहा। शेयर बाजार में रही मामूली तेजी से भी रुपये को बल नहीं मिल सका और यह अब तक रिकार्ड निचले स्तर पर लुढ़क गया।

### घरेलू ट्रैक्टर बिक्री सितंबर में बढ़कर 53310 हुई : ट्रैक्टर जंक्शन

मुंबई। देश में ट्रैक्टर उद्योग ने सितंबर, 2022 में 53,310 ट्रैक्टर की बिक्री दर्ज की जो इससे पिछले महीने की तुलना में 2.19 प्रतिशत अधिक है। ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों के लिए देश के डिजिटल बाजार मंच ट्रैक्टर जंक्शन की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और कर्नाटक इन छह राज्यों का ट्रैक्टर की अखिल भारतीय बिक्री में सितंबर में 75 प्रतिशत का योगदान रहा। रिपोर्ट के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2022 के पहले नौ महीनों (जनवरी-सितंबर, 2022) में कुल ट्रैक्टर बिक्री लगभग 5.16 लाख यूनिट रही। वर्ष के दौरान अगस्त को छोड़ कर मासिक ट्रैक्टर बिक्री 50,000 यूनिट से अधिक रही है। ट्रैक्टर जंक्शन के अुनसार सितंबर महीने में बिक्री में माह-दर-माह 2.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एमएंडएम ने सितंबर में सबसे अधिक बिक्री दर्ज की, उसके बाद स्वराज ट्रैक्टर, मैसी फर्गसन, सोनालिका ट्रैक्टर, एस्कॉर्ट्स, जॉन डिअरे और आयकर मोटर का स्थान रहा। ट्रैक्टर जंक्शन के संस्थापक रजत गुप्ता ने कहा, सितंबर के महीने में ट्रैक्टर की बिक्री महीने दर महीने अधिक रही। इस साल के मानसून के पहले कुछ महीनों में असमान बारिश के कारण आकर्षण कम था, त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ इसमें तेजी आ गई। ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरणों की बिक्री न केवल ग्रामीण बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य को भी दर्शाती है।

### अमेजन जीआईएफ के साथ 'हैप्पीनेस अपग्रेड डेज़'

बेंगलुरु। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया का 23 सितंबर से महीने भर चलने वाले फेस्टिव सेलिब्रेशन, अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में हैप्पीनेस अपग्रेड डेज़ पावर्ड बाय इंटेल ईवीओ की घोषणा की गयी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि हैप्पीनेस अपग्रेड डेज 8 अक्टूबर तक चलेगा। यहां ग्राहकों को सभी कैटेगरी के उत्पादों पर एक्स्ट्रा सेविंग करने का मौका मिलेगा। द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल – हैप्पीनेस अपग्रेड डेज स्मार्टफोन, लॉर्ज अप्लायंसेस और लैपटॉप, टीवी, होम एवं किचन प्रोडक्ट, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुआ के विशाल कलेक्शन पर सेलर्स और ब्रांडों की ओर से पेश की गई खास डील्स और ऑफ़र को पेश किया गया है। स्मार्टफोन, लार्ज अप्लायंसेस और लैपटॉप, टीवी, होम एंड किचन प्रोडक्ट, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, रोजमर्रा की जरूरत से जुड़ी चीजों के विशाल कलेक्शन पर सेलर्स की ओर से दी जा रहीं खास डील्स और ऑफ़र्स का लाभ मिल सकता है। सभी केटेगरी के टॉप ब्रांडों द्वारा लॉन्च किए गए 2,000 से अधिक नए उत्पादों में से पसंदीदा उत्पादों का चयन किया जा सकता है।

### आठ शहरों में लाँच हुयी एयरटेल 5 जी प्लस सेवा

नयी दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदान करने वाली निजी कंपनी भारती एयरटेल ने आज देश के आठ शहरों में एयरटेल 5 जी प्लस सेवायें शुरू करने की घोषणा करते हुये कहा कि वर्ष 2023 तक पूरे देश में यह सेवा उपलब्ध होगी। कंपनी ने एयरटेल 5 जी प्लस के तहत तीव्र स्पीड, बेहतर आवाज गुणवत्ता, सभी 5 जी स्मार्टफोन पर नेटवर्क के काम करने और पर्यावरण हितैषी होने का वादा भी किया है। उसने कहा कि इस सेवा के पूरी तरह शुरू होने तक ग्राहक वर्तमान डेटा प्लान के तहत इस सेवा का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए सिम बदलने की भी जरूरत नहीं होगी और 4 जी सिम ही 5 जी सिम के रूप में काम करेगा। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह सेवा अभी दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरू, हैदराबाद, सिलिगुड़ी, नागपुर और वाराणसी में शुरू की जा रही है। इप शहरों में भी चरणबद्ध तरीके से यह सेवा शुरू की जायेगी। उसने दावा किया कि वर्तमान स्थिति में 20 से 30 गुना अधिक स्पीड में बेहतर अनुभव प्रदान करेगी। उसने कहा कि एयरटेल ने पिछले एक वर्ष में 5 जी के पावर का प्रदर्शन किया है। एयरटेल 5 जी इन्नोवेशन के मामले में सबसे आगे है।

# भारत की चार्टर्ड एकाउंटेंसी फर्में वैश्विक बनने का लक्ष्य साधें : गोयल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स से देश की चार्टर्ड अकाउंटेंसी फर्मों को वैश्विक स्तर की कंपनियां बनाने का प्रयास करने का आह्वान किया। वह यहां सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। गोयल ने चार्टर्ड लेखाकारों (सीएस) के पेशे को महान व्यवसायों में से एक करार दिया और कहा कि सीए के दस्तखत वाले प्रमाण-पत्र को दस्तावेज़ की सामग्री और उसकी सत्यता, विश्वसनीयता और सच्चाई का प्रमाण माना जाता है। श्री गोयल के पास उपभोक्ता मामले,खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्रालय की जिम्मेदारी है।

गोयल ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आईसीएआई आज कुल 168 से अधिक शाखाओं के साथ वैश्विक स्तर पर काम कर रही है। इसी उपस्थिति दुनिया के विभिन्न शहरों में 77 केंद्रों के साथ 47 देशों में दर्ज हो



चुकी है। उन्होंने दुनिया भर में 100 केंद्र स्थापित करने के प्रयासों के लिए आईसीएआई को बधाई देते हुए, संस्थान से दक्षिण अमेरिका महाद्वीप में भी अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए कहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्तव्य पर जोर देने का उल्लेख करते हुए कहा कि %चार्टर्ड एकाउंटेंट की शपथ% कर्तव्य की इस अवधारणा की एक उत्कृष्ट अभिव्यक्ति है जिसमें प्रभावशाली शपथ उत्कृष्टता, नैतिकता, ईमानदारी, स्वतंत्रता, गोपनीयता और अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता की बातें शामिल हैं। एक सीए यह शपथ लेते हुए ईमानदारी से काम करने की बात करता है, भ्रष्टाचार मुक्त भारत को देखता है, कॉर्पोरेट प्रशासन के प्रति प्रतिबद्धता देता है और देश के संसाधनों के कुशल और प्रभावी उपयोग की आकांक्षा रखता है। गोयल ने कहा कि सीए को हमेशा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें समाज के हर वर्ग को, खास कर सबसे पिछली कतार के लोगों को, समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों को साथ लेकर चलना चाहिए। गोयल ने युवा सीए को ऑडिटिंग, अकाउंटिंग, मैनेजमेंट कंसल्टिंग के साथ-साथ उद्यमिता के रास्ते भी तलाशने को कहा। उन्होंने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंसी निकायों से नारी शक्ति या महिला शक्ति के साथ अधिक से अधिक जुड़ने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अधिक से अधिक महिलाएं सीए बनें और अधिक से अधिक महिलाएं आईसीएआई की परिषद में शामिल हों ताकि इसे मजबूत और अधिक समावेशी बनाया जा सके।

# 25 वर्ष की हुयी होंडा सिटी कार

नयी दिल्ली 06 अक्टूबर (वार्ता) यात्री कार बनाने वाली कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने आज भारत में अपनी सबसे लोकप्रिय कार होंडा सिटी के 25 वर्ष पूरे कर लिये और अभी देश में इसके नौ लाख ग्राहक हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि होंडा सिटी भारत में 1998 में लॉन्च हुआ था और अब अपनी पांचवीं पीढ़ी के अवतार में, भारतीय ऑटोमोटिव इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाला मेनस्ट्रीम मॉडल बना हुआ है। होंडा सिटी को एक एशियाई मॉडल के रूप में विकसित किया गया था, जो एक वैश्विक ब्रांड बन गया और अब इसे 80 देशों में बेचा जाता है।

सिटी सीरीज की कुल बिक्री वर्तमान में वैश्विक स्तर पर 45 लाख यूनिट है। सिटी की लोकप्रियता पिछले कई दशकों में होंडा इंजीनियरों के अग्रणी काम का प्रमाण है, क्योंकि होंडा सिटी की प्रत्येक पीढ़ी ने डिजाइन, टेक्नोलॉजी, प्रदर्शन, सुरक्षा, स्पेस और सुविधा के मामले में नए मानक स्थापित करने वाले उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुसार खुद को पुनर्निर्मित किया है। होंडा सिटी ग्राहकों के लिए एक बेहद मजबूत व आकांक्षी ब्रांड है और इस ब्रांड को ग्राहकों का बेहद मजबूत भरोसा हासिल है। होंडा ब्रांड का पर्याय बन चुकी



होंडा सिटी कंपनी की स्थापना के बाद से एचसीआईएल के लिए व्यवसाय का एक प्रमुख स्तंभ रहा है, और इसने भारत और इसके निर्यात बाजारों में 9 लाख से अधिक ग्राहकों को ड्राइविंग का गौरव और आनंद प्रदान किया है। होंडा सिटी सेडान के लिए भारत सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण बाजार है और वर्तमान में होंडा के एशिया ओशिनिया क्षेत्र (जनवरी-अगस्त%22) में कार की बिक्री हिस्सेदारी 28 प्रतिशत से अधिक है। 2050 तक कार्बन तटस्थता और टकराव से होने वाली शून्य मौतों के लक्ष्य को हासिल करने करने के होंडा के वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप, एचसीआईएल ने 2022 में होंडा सिटी ने ई-एचईवी लॉन्च किया, जिसने भारत में होंडा की विद्युतीकरण यात्रा की शुरुआत की।

भारत में होंडा सिटी की हासिल उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए, होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के प्रेसिडेंट और सीईओ ताकुया त्सुमुरा ने कहा, यह भारत में होंडा ब्रांड के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष है।

हमारा सबसे सफल मॉडल होंडा सिटी भारत में सबसे पसंदीदा कार ब्रांडों में से एक है।

इस मॉडल के 25 वर्ष का होने के साथ ही हम अपने सभी ग्राहकों और भागीदारों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने वर्षों से हमारा समर्थन किया है और सभी को आगे की यात्रा पर हमारे साथ बने रहने के लिए आमंत्रित करते हैं।

242 शहरों में 330 केंद्रों के हमारे अखिल भारतीय डीलर नेटवर्क में होंडा सिटी का रजत जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है और हम अपने उपभोक्ताओं और होंडा सिटी प्रशंसकों के साथ जुड़ने के इस अवसर का लाभ उठा रहे हैं। इस विशेष उपलब्धि के इर्द-गिर्द एक संचार अभियान को भी डिजिटल और सोशल माध्यमों पर व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, 2020 में 5वीं पीढ़ी के सिटी के लॉन्च के साथ, हमने इस साल होंडा सिटी ई- एचईवी को भारत के पहले मेनस्ट्रीम मॉडल के रूप में स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी के साथ पेश किया। यह मॉडल आगे चलकर देश में होंडा की विद्युतीकृत वाहन योजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''

## अब अधिकांश लोग पड़ोस की दुकान से करना चाहते हैं खरीददारी

नयी दिल्ली। त्यौहारी सीजन में ऑनलाइन मार्केटप्लेसों द्वारा दिये जा रहे बंपर ऑफरों के बावजूद अब अधिकांश लोग उत्सव के दौरान अपनी खरीद पड़ोस की दुकान से करना चाहते हैं।

एक्सिस माई इंडिया के अक्टूबर महीने के सीएसआई सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि 78 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने इस त्योहारी सीजन में घर के पास रिटेल स्टोर से खरीदारी करने की योजना बनाई है जबकि मात्र 14 प्रतिशत ई-कॉमर्स साइटों के माध्यम से खरीदारी करना पसंद करेंगे।

देश के 32 राज्यों में10,058 लोगों पर यह सर्वेक्षण किया गया जिसमें 67 प्रतिशत ग्रामीण भारत से हैं जबकि 33 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों से हैं। डेटा इंटेलिजेंस कंपनी एक्सिस माई इंडिया ने इंडिया कंज्यूमर सेंटिमेंट इंडेक्स (सीएसआई) के अपने नवीनतम निष्कर्ष जारी किये।

यह सूचकांक विभिन्न तरह के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर उपभोक्ता धारणा का मासिक विश्लेषण है। अक्टूबर की रिपोर्ट से पता चलता है कि 5 प्रासंगिक उप-सूचकांकों में से 1 में सुधार हुआ है।

विवेकाधीन खर्चों को प्रोत्साहन करते हुए 44 प्रतिशत ने दशहरा/दिवाली के दौरान परिधान खरीदने की योजना बनाई है, जबकि 8 प्रतिशत में से प्रत्येक ने व्हाइट गुड एवं मोबाइल फोन खरीदने की योजना बनाई है और 8 प्रतिशत की योजना या तो 2-व्हीलर या 4-व्हीलर खरीदने की है। 81 प्रतिशत का मानना है कि परिवार के लिए खरीदारी उत्सव के दौरान प्रमुख खर्च होगी।

रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए एक्सिस माई इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप गुप्ता ने कहा, घरों में विवेकाधीन खर्च में वृद्धि उत्सव की भावनाओं की निरंतरता को दर्शाती है। फिजिकल स्टोर्स में जाने से लेकर ऑनलाइन साइटों के माध्यम से स्कैन करने तक, उपभोक्ता न केवल घरेलू उत्पादों पर निवेश कर रहे हैं बल्कि अपने और अपने परिवार के लिए भी जम कर खर्च कर रहे हैं।

## पॉम ऑयल, मूंगफली तेल , सूरजमुखी तेल में नरमी, अरहर दाल में तेजी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में स्थिरता के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पॉम ऑयल, मूंगफली तेल और सूरजमुखी तेल में नरमी रही जबकि अरहर दाल में तेजी रही जबकि शेष खाद्य तेलों के साथ ही चावल, गेहूं , चीनी में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 136 रिंगिट उबलकर 3280 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह इस दौरान अमेरिकी सोया तेल का अक्टूबर वायदा 1.15 सेंट की तेजी लेकर 63.30 सेंट प्रति पौंड हो गया। इस दौरान पॉम ऑयल 74 रुपये प्रति क्विंटल , मूंगफली तेल 147 रुपये और सूरजमुखी तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। सोया रिफाइंड तेल, सरसों तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गयी जबकि चना तथा चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा।

## केरल के स्टार्टअप ने केले के निर्यात के लिए शुरू संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला

तिरुवनंतपुरम। केरल के एक कृषि व्यवसाय स्टार्टअप ने केले के किसानों , व्यापारियों और निर्यातकों को एक मंच पर जोड़ने वाली देश की पहली सम्पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला के परिचालन का उद्यम शुरू किया है।

स्टार्टअप ग्रीनिक का दावा है कि मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए एक मजबूत वैश्विक ब्रांड की क्षमता के साथ वह पोषक तत्वों से भरपूर फल केले के देश के बढ़ते निर्यात का पूर्ण लाभ उठाने का प्रयत्न कर रहा है।

युवा तकनीकी विशेषज्ञ फ़ारिक नौशाद और प्रेविन जैकब द्वारा द्वारा स्थापित ग्रीनिक ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा केला उत्पादक है और उसका प्रयास केले के किसानों, डीलरों और थोक विक्रेताओं को एक श्रृंखला में पिरोना है। ग्रीनिक ने केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक सहित प्रमुख केला उत्पादक कृषि-बेल्ट में सक्षम केंद्रों (ईसी) का निर्माण किया है। बयान के मुताबिक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों में इसी तरह के केंद्र बनाने की भी है और उसके बाद पूरे भारत में इनका गठन करने की योजना है।

ये केंद्र किसानों वित्त, बीज, फसल सलाहकार, बीमा कवरेज, कृषि संबंधी जानकारी, मौसम की जानकारी, और बाजार से संपर्क कराने सहित जैसी आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं।

बयान में कहा गया है कि यह उद्यम फसल के बाद के केले के पौधों के तनों को प्राकृतिक रेशे में बदलने और अन्य बचे हुए हिस्से को खाद या मुर्गियों के दाने के रूप में पुन-उपयोग करने में मदद करेगा। इससे केला किसानों की आय बढेगी। एक अनुमान के मुताबिक भारत में हर साल लगभग 20 करोड़ फसल के बाद के पौधे के तने हर साल जला दिया जाता हैं या वे बर्बाद हो रहे हैं।

फारिक और प्रेविन के हवाले से बयान में कहा गया है, कुछ केला किसानों, डीलरों और खरीददारों के साथ काम करने के बाद, हमने महसूस किया कि अगर इसे एक मजबूत और विश्वसनीय मूल्य श्रृंखला से जोड़ा जाए जो निर्यात को बढ़ाए तो भारत में उगाए जाने वाले फलों में इसकी क्षमता सबसे अधिक है। केला उत्पादन में भारत का योगदान लगभग 25 प्रतिशत है और पिछले नौ वर्षों में भारत से केले का निर्यात आठ गुना बढ़ा है।

बयान में नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर बनाना (एनआरसीबी) की एक रिपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि भारत ने 2020 में खेती के तहत 9.6 लाख हेक्टेयर भूमि क्षेत्र के साथ 32.6 अरब टन केले का उत्पादन किया। दस अरब से अधिक हितधारक भी हैं। घरेलू बाजार का आकार करीब 18 अरब डॉलर आंका गया है।

बयान में कहा गया है कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भारत के मुकाबले इसका केवल एक-तिहाई हिस्सा ही उत्पादन करते हैं, फिर भी वे मूल्य वर्धित केले उत्पादों के अधिकांश लोकप्रिय वैश्विक ब्रांडों के मालिक हैं।

## नीता अंबानी के नाम से खुलेगा बहु-कला सांस्कृतिक केंद्र

मुंबई। अरबपति मुकेश अंबानी की पुत्री ईशा अंबानी ने आज मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का बहु-कला सांस्कृतिक केंद्र-नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर (एनएमएसीसी) खोलने की घोषणा की।

यह केंद्र उनकी मां नीता अंबानी को समर्पित हैं। नीता अंबानी लंबे समय से कला के क्षेत्र में एक संरक्षक की भूमिका निभा रही हैं। कला के क्षेत्र में यह सांस्कृतिक केंद्र अपनी तरह का पहला केंद्र होगा। 31 मार्च 2023 को दर्शकों के लिए इसे खोला जायेगा। लॉन्च के मौके पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई जाने माने



कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर' (एनएमएसीसी) को बनाया जाएगा। इसमें एक तीन मंजिला इमारत में परफॉर्मिंग और विजुएल आर्टस का प्रदर्शन होगा। परफॉर्मिंग आर्ट के लिए 'द ग्रैंड थिएटर, द स्टूडियो थिएटर और द क्यूब शामिल जैसे शानदार थिएटर बनाए जाएंगे। इन सभी में एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। 'द ग्रैंड थिएटर' में 2 हजार दर्शक एक साथ कार्यक्रमों का मजा उठा सकेंगे। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की प्रदर्शनी के लिए 16 हजार वर्गफुट में फैला एक चार मंजिला आर्ट हाउस भी लॉन्च होगा।

इस मौके पर ईशा अंबानी ने कहा, नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र सिर्फ एक जगह नही है – यह कला, संस्कृति और भारत के लिए मेरी मां के जुनून की परिणति है। उन्होंने हमेशा एक ऐसा मंच बनाने का सपना देखा है जहां दर्शक, कलाकार और रचनात्मक लोग इकट्ठा हो सकें। एनएमएसीसी के लिए उनका विजन भारत की खूबियों को दुनिया के सामने पेश करना और दुनिया को भारत के और नजदीक लाना है।

तीन दिवसीय लॉन्च कार्यक्रम में भारतीय नाटककार और निर्देशक फिरोज अब्बास खान, लेखक और कॉस्ट्यूम एक्सपर्ट हामिश बाउल्स (एडिटर-इन-चीफ, द वर्ल्ड ऑफ इंटीरियर्स, इंटरनेशनल एडिटर-एट-लार्ज, वोग यूएस), भारत के प्रमुख सांस्कृतिक सिद्धांतकार रंजीत होसकोटे और जेफरी डिच (अमेरिकी क्यूरेटर, समकालीन कला संग्रहालय , लॉस एंजिल्स के पूर्व निदेशक) अपने कलात्मक प्रदर्शन और विचारों को दर्शकों के सामने रखेंगे।

## शेयर बाजार में तेजी जारी



**एजेंसी**

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले नकारात्मक संकेतों के बावजूद घरेलू स्तर पर धातु सहित अन्य प्रमुख समूहों में हुयी लिवाली के बल पर आज लगातार दूसरे दिन तेजी बनी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 156.63 अंकों की बढ़त लेकर 58222.10 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 57.50 अंक बढ़कर 17331.80 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.13 प्रतिशत उछलकर 25424.08 अंक पर और स्मॉलकैप 1.30 प्रतिशत चढ़कर 29096.16 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल समूहों में धातु में सबसे अधिक 3.89 प्रतिशत और वित्तीय सेवाओं में सबसे कम 0.12 प्रतिशत की तेजी रही। इस दौरान दो समूहों टेलीकम्युनिकेशंस 0.16 प्रतिशत और एफएमसीजी में 0.18 प्रतिशत की गिरावट रही।

बीएसई में कुल 3583 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2365 बढ़त में और 1095 गिरावट में रहे जबकि 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिकांश समूह लाल निशान में रहे जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.64 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.22 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.42 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत शामिल है। इस दौरान जापान के निक्केई में 0.70 प्रतिशत की तेजी रही।

बीएसई का सेंसेक्स 156.63 अंकों की तेजी लेकर 58314.05 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह लिवाली के बल पर 58578.76 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। इसी दौरान बिकवाली के दबाव में यह 58173.70 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 58065.47 अंक की तुलना में 156.63 अंक अर्थात 0.27 प्रतिशत की बढ़त लेकर 58222.10 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 18 हरे निशान में और 12 लाल निशान में रही।

एनएसई 105 अंकों की बढ़त के साथ 17379.25 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 17428.80 अंक के उच्चतम स्तर और 17315.65 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 17274.30 अंक की तुलना में 0.33 प्रतिशत अर्थात 57.50 अंक बढ़कर 17331.80 अंक पर रहा।

एनएसई में शामिल 50 कंपनियों में 27 मुनाफे और 23 नुकसान में रही।

## एचडीएफसी बैंक का व्यापारियों के लिए स्मार्टहब व्यापार ऐप

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एचडीएफसी बैंक ने व्यापारियों के लिए आज स्मार्टहब व्यापार मर्चेंट ऐप के लॉन्च की घोषणा की जो भुगतान स्वीकार करने के साथ ही किसी को भुगतान करने और ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी प्रदान करेगा।

बैंक के ब्रांच बैंकिंग प्रमुख अरुण मेदिरत्ता ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में इसको लाँच करते हुये कहा कि त्योहरी सीजन के मद्देजनर इस ऐप के 10 लाख डाउनलोड किये जाने और इस महीने में छह हजार करोड़ रुपये के लेनदेन का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यह ऐप व्यापारियों की दैनिक व्यवसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाईन किया गया विस्तृत भुगतान एवं

बैंकिंग समाधान है। स्मार्टहब व्यापार एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों के लिए तत्काल, डिजिटल और पेपरलेस मर्चेंट ऑनबोर्डिंग संभव बनाता है और व्यापारियों को भुगतान के विभिन्न माध्यमों, जैसे कार्ड- टैप एवं पे, यूपीआई और क्यूआर कोड द्वारा इंटरऑपरेबल भुगतान स्वीकार करने में समर्थ बनाता है। इसके द्वारा मर्चेंट दूर से पैसों का भुगतान संभव बनाने के लिए मोबाईल या ईमेल से पेमेंट लिंक भेज सकते हैं और पैसे मंगा सकते हैं।

यूपीआई द्वारा प्राप्त किए गए पैसों को तत्काल बैंक खाते में ट्रांसफर किया जा सकता है, जिससे मर्चेंट को सेल्स की रसीद तत्काल प्राप्त हो जाए।

उन्होंने कहा कि विनिमय के मामले में मर्चेंट की चिंता को कम करने के लिए स्मार्टहब व्यापार में एक इनबिल्ट वॉईस फीचर दिया गया है, जो मर्चेंट को सफल विनिमय के बारे में सूचित करता है, और मर्चेंट को किसी अन्य माध्यम द्वारा

विनिमय को ट्रैक करने की जरूरत नहीं पड़ती, न ही उसे वॉईस पर आधारित नोटिफिकेशन पाने के लिए एक पृथक डिवाईस की जरूरत पड़ती है। बैंकिंग के मामले में मर्चेंट फिक्स्ड डिपॉज़िट खुलवाने, पूर्व स्वीकृत लोन और क्रेडिट कार्ड जैसी अनेक बैंकिंग सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। मर्चेंट्स को अपने बैंक खाते में डाले गए स्मार्ट हब व्यापार विनिमयों का रियल टाईम व्यू भी मिल सकता है।

उन्होंने कहा कि स्मार्टहब व्यापार प्लेटफॉर्म को बाजार का सर्वे करने के बाद विकसित किया गया, जिसमें सामने आया कि मर्चेंट एक विस्तृत भुगतान एवं बैंकिंग समाधान चाहते हैं, जो उनके व्यवसाय की वृद्धि संभव बनाए। स्मार्टहब व्यापार ऐप बिज़नेस ऑपरेशंस की एफिशियंसी बढ़ा रहा है और मर्चेंट्स को बैंक की लेंडिंग, बैंकिंग एवं वैल्यू एडेड सेवाओं तथा पेमेंट एवं रिकॉन्सिलेशन फीचर्स की पूरी शक्ति का उपयोग कर अपने व्यवसाय की वृद्धि करने में मदद कर रहा है।

## अमेज़न 'सुपर वैल्यू डेज' के दौरान ग्रॉसरी पर बचत की पेशकश

नयी दिल्ली। ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर कल तक सुपर वैल्यू डेज और अमेज़न डॉट इन पर ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान ग्रॉसरी पर सुपर बचत की पेशकश की गयी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ग्रॉसरी और घर के जरूरी सामान, पैकेज्ड फ़ूड, स्नैक्स व बेव्रिजज, उपयोगी वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक की छूट की पेशकश की गयी है। ग्राहक सिंगल ऑनलाइन डेस्टिनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी विकल्पों के साथ दावत, टाटा संपन्न, फॉर्च्यून, निविया, कैडबरी, डेटॉल, डाबर, मदर डेयरी, और आशीर्वाद सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांडों से ग्रेट प्राइस और फ्रेश ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

# मधुमेह से बचाव में फायदेमंद होती है खड़े रहने की आदत

अक्सर स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए चहलकदमी और व्यायाम का सुझाव दिया जाता है, लेकिन इस मामले में खड़े रहने की आदत भी मददगार साबित हो सकती है। एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2

फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर

रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।



**एक हालिया अध्ययन के मुताबिक टाइप 2 मधुमेह से बचाव के मामले में खड़े रहना फायदेमंद होता है। फिनलैंड में हुए इस अध्ययन में खड़े रहने की आदत और बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता के बीच संबंध पाया गया है। इतना ही नहीं रोजमर्रा की जिंदगी में खड़े होने का समय बढ़ाने से पुरानी बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है।**

## खराब इंसुलिन प्रणाली मधुमेह की वजह

एनर्जी मेटाबॉलिज्म और रक्त शर्करा के नियमन में इंसुलिन एक प्रमुख हार्मोन है। कई बार वजन अधिक होने से शरीर में इंसुलिन के सामान्य फंक्शन में गड़बड़ी हो सकती है, जिससे इंसुलिन संवेदनशीलता कम हो जाती है और टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों का खतरा बढ़ जाता है। टाइप 2 मधुमेह दुनियाभर में सबसे आम जीवनशैली की बीमारियों में से एक है। इसकी शुरुआत आमतौर पर बिगड़ी हुई इंसुलिन संवेदनशीलता या इंसुलिन प्रतिरोध से होती है। यह एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें शरीर सामान्य रूप से इंसुलिन पर प्रतिक्रिया नहीं करता है और रक्त शर्करा का स्तर बढ़ जाता है।

## गतिहीन व्यवहार से इंसुलिन प्रणाली प्रभावित

जीवनशैली का इंसुलिन में रुकावट और टाइप 2 मधुमेह के विकास पर एक गहरा प्रभाव पड़ता है। इन समस्याओं की रोकथाम में नियमित शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालांकि अब तक इंसुलिन की रुकावट पर गतिहीन व्यवहार, लगातार बैठे रहने के बीच ब्रेक और खड़े रहने की आदत के प्रभावों के बारे में बहुत कम जानकारी है। तुर्कू पीईटी सेंटर और यूकेके संस्थान के हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इंसुलिन में बाधा और गतिहीन व्यवहार के बीच संबंध की जांच की। इसके

निष्क्रियता के साथ टाइप 2 मधुमेह और हृदयरोगों के विकास के बढ़ते जोखिमों को भी देखा।

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि रोजमर्रा की नियमित शारीरिक गतिविधि या बैठने के समय, फिटनेस स्तर से अलग स्वतंत्र रूप से खड़े रनहा बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा

एवं तुर्कू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तारू गर्थवेट का कहना है कि अध्ययन के निष्कर्ष रोजाना बैठने के समय के एक हिस्से में लोगों को खड़े रहने के लिए प्रेरित करेंगे। खासकर अगर शारीरिक गतिविधि की जरूरतों को पूरा नहीं किया जाता है तो यह तरीका मददगार हो सकता है।

## जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम होगी

भी जोर देता है। अध्ययन परिणाम बताते हैं कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस या बैठने में लगने वाले समय की तुलना में शरीर में वसा के प्रतिशत में इजाफा इंसुलिन संवेदनशीलता के मामले में अधिक महत्वपूर्ण कारक है। दूसरी ओर खड़े होना शरीर की संरचना के बावजूद इंसुलिन संवेदनशीलता से जुड़ा था। शोधकर्ताओं का कहना है कि नियमित व्यायाम को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है।

मगर ऐसा लगता है कि शारीरिक गतिविधि, फिटनेस और गतिहीन व्यवहार भी इंसुलिन मेटाबॉलिज्म से जुड़े हुए हैं, लेकिन परोक्ष रूप से यह शरीर की संरचना पर उनके प्रभाव के माध्यम से जुड़े हैं। जर्नल ऑफ साइंस एंड मेडिसिन इन स्पोर्ट में प्रकाशित इस अध्ययन के आधार पर अभी तक कारण प्रभावों का अनुमान नहीं लगाया जा सका है। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार परिणाम बताते हैं कि यदि पर्याप्त शारीरिक गतिविधि नहीं की जा रहीं तो रोजाना खड़े होने का समय बढ़ाने से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम में मदद मिल सकती है।



# कम नींद लेने से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

**कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं।**

एक रिपोर्ट के अनुसार 60% से ज्यादा भारतीय सोचते हैं कि नींद लेना कोई प्राथमिकता नहीं है। पिछले कुछ सालों में नींद के महत्व और आवश्यक नींद पूरी न होने से जुड़े खतरों के बारे में बताए जाने के बाद भी लोग नींद को उतनी अहमियत नहीं देते जितना कि व्यायाम को देते हैं। हाल ही में देशभर में हुए सर्वेक्षणों से पता चला है कि देश में नींद की कमी गंभीर चिंता का कारण क्यों है?

यहां तक देखा गया है कि लोगों को यह कहने में फख्र महसूस होता है कि वे 4-5 घंटे ही सोते हैं और अपने बाकी के सभी कामों को प्राथमिकता से करते हैं। यदि इस तरह के कम सोने वाले लोग अपनी नौकरी, व्यवसाय व घर-परिवार में कुशल हों तब तो ऐसे लोगों का उदाहरण दूसरे लोगों के लिए पेश किया जाता है कि 'देखो फलाना व्यक्ति ज्यादा सोने में समय बर्बाद नहीं करता है इसलिए तो उसने जीवन में इतना कुछ पा लिया है।'

यह बात और है कि आगे जाकर कम सोने की वजह से इन लोगों को जो बीमारियां होती हैं, उसकी जानकारी कम ही लोगों को होती है। दरअसल, कई लोगों को तो यह मानना भी मुश्किल-सा लगता है कि कई वर्षों तक कम सोते रहने से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हृदय संबंधी रोग, मधुमेह, स्ट्रोक इत्यादि जैसी अन्य गंभीर बीमरियां घंटों की सही नींद न लेने की वजह से हो सकती हैं। हमारे देश में कई लोग आज भी ऐसे हैं, जो ये मानते हैं कि खर्राटे आना गहरी नींद की निशानी है। उन्हें यह समझाना चुनौतीपूर्ण काम है कि दरअसल खर्राटे आना भी एक गंभीर नींद विकारों के कारणों में से एक है।

एक अन्य हाल ही के सर्वेक्षण में यह भी पता चला है कि 19 फीसदी भारतीय वयस्कों की नींद में बाधा का कारण उनके काम करने की शिफ्ट का बदलते रहना है। 32% युवा वयस्क टेक्नोलॉजी के ज्यादा और देर रात तक प्रयोग की वजह से पूरी नींद नहीं ले पाते हैं।

एक वयस्क के लिए भी 7 से 9 घंटे की नींद बेहद जरूरी है। कई मामलों में जो लोग इतना सोते हैं उन्हें देखकर अन्य लोग ऐसे लोगों के लिए राय बना लेते हैं कि 'फलाना व्यक्ति आलसी व कमजोर है', तो कुछ लोगों को तो खुद ही यह कहने में शर्म महसूस होती है कि 'उन्हें इतना सोने की जरूरत है।' सिर्फ 1 दिन यदि आप 4-5 घंटे से कम सोते हैं, तब आपके शरीर की वे प्राकृतिक कोशिकाएं, जो कैंसर की कोशिकाओं पर हमला करके उन्हें खत्म करने में सक्षम होती हैं, 70% तक कम हो जाती हैं। आपको कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाएं आपके शरीर में प्रतिदिन बनती हैं। रिपोर्ट के अनुसार नींद की कमी से आंत, प्रोस्टेट और स्तन कैंसर जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि आप प्रतिदिन नियमित समय पर सोएं और नियमित समय पर उठें।

## क्यों नहीं आती है आपको मीठी नींद

दिनभर की मेहनत और थकान के बाद एक सुहानी नींद पर आपका पूरा हक है लेकिन कई लोगों को बेवजह नींद न आने की शिकायत होती है। आइए मीठी नींद के लिए क्या करें जतन.

- रोज सुबह उठकर कसरत करनी चाहिए।
- अच्छी नींद लेने के लिए कभी भी दिन में न सोएं और सोने से कुछ देर पहले एल्कोहल या कैफीन का सेवन भूलकर भी न करें।
- धूम्रपान न करने से भी नींद अच्छी आती है क्योंकि सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटिन नींद में बाधा उत्पन्न करता है।
- कई प्रकार के ड्रग्स भी आराम की नींद लेने में बाधक सिद्ध होते हैं।
- अगर आप शाम को कसरत करेंगे तो आपको सोने में परेशानी हो सकती है।
- जिन महिलाओं के शरीर में आयरन की कमी होती है उन्हें अक्सर नींद कम आती है। इसलिए शरीर में आयरन की कमी का विशेष ख्याल रखें।
- सुबह जब आप उठें तो सूर्य की तेज रोशनी को कमरे में अंदर आने दें। क्योंकि सही प्रकाश की वजह से शरीर को सही ऊर्जा मिलती है।
- एक बात और ध्यान रखें कि रात को सोते वक्त बेडरूम में रोशनी कम ही रहनी चाहिए, जिससे अच्छी और भरपूर नींद आ सके।

...तो जनाब अच्छी व गहरी नींद लीजिए और फिर जिंदगी को पूरी ऊर्जा के साथ जी लेने के लिए खुद को तैयार पाइए।

# सूखा नारियल सेहत के लिए है कुदरत का वरदान

सूखे नारियल का इस्तेमाल घरों में खीर, आइसक्रीम, स्वीट डिश वगैरह में होता है। ज्यादातर लोग इसे स्वाद बढ़ाने के लिए रेसिपीज में इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसकी न्यूट्रीशनल वैल्यू काफी ज्यादा होती है। इस बात पर कम लोगों का ध्यान जाता है। नारियल आपके हार्ट और ब्रेन के लिए अच्छा होता है। साथ ही इसे चबाने से फेशियल एक्सरसाइज भी होती है। इसमें ऐंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो ओवरऑल हेल्थ के लिए बढ़िया होते हैं।

## ऐंटीऑक्सिडेंट्स का भंडार

नारियल में फिनॉलिक कंपाउंड होते हैं, जो कि ऐंटीऑक्सीडेंट्स हैं। ये आपकी सेल्स के ऑक्सीडेटिव डैमेज को रोकते हैं। इसमें गैलिक एसिड, कैफिक एसिड, सैलिसिलिक एसिड, पी-कोम्यूरिक एसिड होता है। नारियल आपकी धमनियों में प्लाक बनने से रोकता है जो कि हार्ट ब्लॉकेज की वजह होती हैं।

## कनेक्टिव टिश्यूज के लिए फायदेमंद

नारियल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके कनेक्टिव टिश्यूज को मजबूत बनाते हैं। नारियल को डायट में शामिल करने से गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याएं होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा ये स्किन के लिए भी अच्छा होता है।

## आयरन की कमी को दूर करता है

महिलाओं में आयरन की कमी बड़ी समस्या है। सूखे नारियल में आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। डेली डायट में नारियल खाने से आयरन की कमी पूरी होती है। बच्चा पैदा होने के बाद महिलाओं को नारियल की कई मिठाइयां इसीलिए बनाकर खिलाई जाती हैं।

## पोषकतत्वों का भंडार

सूखे नारियल में प्रोटीन, विटामिन्स, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीज और सेलिनियम पाया जाता है। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी मजबूत करके शरीर को रोगों से बचाते हैं।

## दिमाग रखता है मजबूत

नारियल खाने से किसी का आईक्यू तो नहीं बदलता लेकिन आपके ब्रेन फंक्शन को सपोर्ट करता है। स्टडीज में सामने आ चुका है कि नारियल का तेल अल्जाइमर्स होने से रोकता है।





# सेहत का रखना है ख्याल तो अर्जुन फल का करें इस्तेमाल

**ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें।**

अर्जुन के वृक्ष को भारत में व्यापक रूप से उगाया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गुणकारी माना गया है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल जैसे विभिन्न औषधीय गुण होते हैं। अर्जुन हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत और टोन करता है और हृदय के समुचित कार्य में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह उच्च रक्तचाप से लेकर दस्त, अस्थमा और खांसी आदि कई तरह की समस्याओं को दूर करने में सहायक है। अर्जुन के फल से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

## सांसों की दुर्गंध से मिलता है छुटकारा

ऐसे कई लोग होते हैं जो सांसों की बदबू के कारण परेशान रहते हैं और ऐसे में उन्हें किसी से बात करने में भी शर्मिन्दगी महसूस करते हैं। अगर आपका नाम भी ऐसे ही लोगों की लिस्ट में शामिल है तो आप अर्जुन के फल का सेवन करें। इस फल में ऐसे होते हैं जो आपके मसूड़ों की समस्याओं और दांतों से खून बहने में भी मदद कर सकते हैं और आपको ताजा सांसें प्रदान करते हैं।

## हड्डियों का रखते हैं ख्याल

अगर आप किसी किसी भी प्रकार की हड्डी की समस्या से पीड़ित हैं, तो आपको अपने आहार में अर्जुन फल को अवश्य शामिल करना चाहिए। आप इसका जूस बनाकर पी सकते हैं या इसे कच्चा खा सकते हैं। यह आपको ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की परेशानी में भी मदद कर सकता है।

## ओरल हेल्थ की समस्याओं को करें दूर

अर्जुन फल खाने से वास्तव में आपकी मसूड़ों की समस्याओं को कम करने और दांतों के स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह दांतों से खून बहने से लेकर दांत दर्द, मसूड़ों में दर्द या मसूड़ों से खून बहना आदि समस्याओं के उपचार में प्रभावी है। आप इस फल को जूस या कच्चा खा सकते हैं। इसके अलावा, अर्जुन के फल के पाउडर का सेवन भी कर सकते हैं और इसे पेस्ट के रूप में उस जगह पर लगा सकते हैं जहां आपको मसूड़े या दांतों की समस्या हो रही है। हालांकि, यह उपाय अपनाने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

# सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

**सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है।**

नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। सेंधा नमक से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदे -

## पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

## प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है

सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है।

## मांसपेशियों में ऐंठन से राहत

सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

## गले की खराश का करता है इलाज

गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

## रक्तचाप को करे बैलेंस

सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।

